बुधवार, 15 अक्टूबर 2025

**मौसम**

तापमान 23 – 33
आर्द्रता 66%
सूर्योदय: 5:32 सूर्यास्त: 17:13

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : थोड़ा जानने वाला बहुत बोलता है और बहुत जाननेवाला थोड़ा बोलता है।



राहुल का अर्धशतक, भारत ने वेस्टइंडीज पर क्लीन स्वीप किया पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# भवानीपुर को बाहरी लोगों से भरने की साजिश रची जा रही है : ममता बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर में आयोजित तृणमूल कांग्रेस के विजया सम्मिलनी समारोह में उत्तर बंगाल से ही वर्चुअल जुड़ाव के दौरान बड़ा बयान दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि योजनाबद्ध तरीके से भवानीपुर को बाहरी लोगों से भरने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं देख रही हूं कि कई जगह गरीब लोगों की बस्तियां तोड़कर बड़ी-बड़ी इमारतें बनायी जा रही हैं। मैं इसका समर्थन नहीं करती। हमारे असली मतदाता, जो बंगाल में रहते हैं, काम करते हैं। उन्हें ही हटाया जा रहा है। यह सब साजिश के तहत हो रहा है।



उन्होंने आगे कहा कि बाहरी लोग पैसे खर्च कर यहां जमीन और मकान खरीद रहे हैं, फिर स्थानीय लोगों को हटा रहे हैं। यही असली बाहरी हैं। जो लोग बंगाल में रहते हैं और काम करते हैं, वही हमारे अपने हैं। गरीब लोगों की मदद करना हमारा मानवीय कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जो लोग उन नये फ्लैटों में रह रहे हैं, उन्हें पानी और ड्रेनेज की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सबको समझना होगा कि गरीब लोग ही हमारी असली संपत्ति हैं, राज्य उन्हीं के सहारे चलता है। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने काली पूजा और छठ पूजा के दौरान शांति बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि काली पूजा और छठ पूजा के समय किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए सतर्क रहना होगा। जिम्मेदारी हमारी है। उन्होंने यह भी चेताया कि अगर आगे नयी वोटर लिस्ट तैयार की जाती है, तो सभी लोगों को नाम फिर से जुड़वाने होंगे। भवानीपुर की विधायक के रूप में ममता बनर्जी ने कार्यकर्ताओं को एसआईआर को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी और कहा कि बाहरी तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जाये। समारोह में मौजूद लोगों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि हम सबको साथ लेकर चलेंगे। जो बंगाल में रहते हैं, काम करते हैं, वे हमारे ही लोग हैं। सबके परिवार सुखी रहें, यही मेरी कामना है। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री बनर्जी उत्तर बंगाल में प्राकृतिक आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा करने गयी थीं, वहीं से उन्होंने कोलकाता के मेयर व राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम के मोबाइल फोन के माध्यम से इस कार्यक्रम में वर्चुअली हिस्सा लिया था।

## चीन कर रहा चौथे विमानवाहक पोत का निर्माण: रिपोर्ट

**बीजिंग :** चीन कथित तौर पर चौथे विमानवाहक पोत का निर्माण कर रहा है और साथ ही समुद्री परीक्षण पूरा होने के बाद 'फुजियान' नामक तीसरे विमानवाहक पोत को सेवा में शामिल करने की तैयारी में है। हांगकांग आधारित 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' ने मंगलवार को विमानवाहक पोत के उपग्रह से लिए गए चित्र पोस्ट करते हुए कहा कि चौथे विमानवाहक पोत का निर्माण कार्य लियाओनिंग प्रांत के डालियान स्थित एक शिपयार्ड में प्रगति पर है।

# राजस्थान के जैसलमेर जिले में चलती बस में लगी आग, 20 यात्री जिंदा जले

**जैसलमेर :** राजस्थान के जैसलमेर जिले में मंगलवार दोपहर बाद जोधपुर जा रही एक निजी बस में आग लगने से 20 लोग जिंदा जल गए और 16 गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 57 यात्रियों को लेकर बस अपराह्न करीब तीन बजे जैसलमेर से रवाना हुई थी। जैसलमेर-जोधपुर राजमार्ग पर बस के पिछले हिस्से से धुआं निकलने लगा। चालक ने बस को सड़क किनारे रोका। हालांकि कुछ ही पलों में आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। उसने बताया कि स्थानीय निवासी और राहगीर मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में मदद की। सेना के जवान भी मदद के लिए आगे आए। दमकल और पुलिस को सूचित किया गया और घायल यात्रियों को इलाज के लिए जैसलमेर के जवाहर अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल 16 यात्रियों को जोधपुर के एक अस्पताल में रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। पोकरण से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के विधायक प्रताप पुरी ने 20 लोगों की मौत की पुष्टि की। उन्होंने 'पीटीआई- भाषा' से कहा, ''बस में 19 यात्रियों की मौत हो गई और एक ने जोधपुर ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।'' पुरी ने बताया कि जैसलमेर से रवाना होने के दस मिनट बाद ही बस में आग लग गई।



### प्रधानमंत्री मोदी ने बस में आग लगने से हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जैसलमेर से जोधपुर जा रही एक निजी बस में आग लगने से हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी के हवाले से कहा गया, राजस्थान के जैसलमेर में हुई दुर्घटना में लोगों की मौत से व्यथित हूं। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिजनों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा, प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## ब्रिटेन ने वीजा आवेदकों के लिए अंग्रेजी भाषा की परीक्षा को और कठिन बनाया

**लंदन :** ब्रिटेन की सरकार ने भारत सहित अन्य देशों के वीजा आवेदकों के लिए अंग्रेजी भाषा की अनिवार्य परीक्षा को मंगलवार को और कठिन बनाने की शर्तें पेश कीं। ब्रिटेन में बढ़ते आव्रजन पर व्यापक कार्रवाई के तहत संसद में यह प्रस्ताव रखा गया। ब्रिटेन के गृह विभाग द्वारा अंग्रेजी भाषा की यह नयी परीक्षा आयोजित की जाएगी। आठ जनवरी, 2026 से सभी कुशल श्रमिकों के लिए आगामी वीजा आवेदन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में परिणामों का सत्यापन किया जाएगा। वीजा आ-वेदक का अंग्रेजी बोलने, सुनने, पढ़ने और लिखने का स्तर ए-लेवल अथवा 12वीं कक्षा के समकक्ष होना चाहिए, जिसे लेवल बी2 कहा जाता है। गृह विभाग का मानना है कि इससे यह सुनिश्चित होगा कि वीजा आवेदक ब्रिटेन के जीवन में बेहतर ढंग से घुल-मिल सकेंगे।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' का अगला चरण और भी घातक होगा : सेना की पश्चिमी कमान के कमांडर

**जम्मू :** सेना की पश्चिमी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान के पास भारत से लड़ने की क्षमता नहीं है, लेकिन वह फिर से पहलगाम जैसे हमले करने की कोशिश कर सकता है। उन्होंने कहा कि इसके जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' का दूसरा चरण और भी घातक होगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, भारत को हजारों जख्म देकर खून बहाने की अपनी नीति पर कायम है और सेना इससे निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने संवाददाताओं से कहा, ''इस बार हम जो कार्रवाई करेंगे वह पहले से भी जोरदार होगी। यह (ऑपरेशन सिंदूर का अगला चरण) और भी ज़्यादा घातक होगा। इसमें कोई शक नहीं है।'' वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या 'ऑपरेशन सिंदूर' का अगला चरण पहले वाले से अधिक घातक होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान भविष्य में पहलगाम जैसे हमले कर सकता है, उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तान की सोच में बदलाव नहीं आएगा, वह ऐसी हरकतें करता रहेगा। उन्होंने कहा, ''उसमें हमसे युद्ध लड़ने की क्षमता नहीं है। वे युद्ध नहीं लड़ना चाहते। वह 'भारत को हज़ार जख्मों से लहूलुहान करने' की अपनी नीति के तहत ऐसी हरकतें करता है।'' सैन्य कमांडर ने कहा कि भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा, ''हमने उसकी चौकियां और हवाई अड्डे तबाह कर दिए, लेकिन वह फिर से कुछ (पहलगाम जैसा हमला) करने की कोशिश कर सकता है। हमें तैयार रहना होगा। हम पूरी तरह तैयार हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार की कार्रवाई पहले से भी ज़्यादा घातक होगी।'' इससे पहले, पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पहलगाम की तरह फिर से हमला करने की कोशिश कर सकता है। उन्होंने कहा, ''उनमें हमारा सीधा सामना करने की हिम्मत नहीं है। पाकिस्तान अपने मंसूबों से बाज नहीं आएगा, लेकिन भारतीय सेना उसे नाकाम करने के लिए तैयार है। इसके लिए हमें लोगों, खासकर पूर्व सैनिकों, का समर्थन चाहिए। हमें उम्मीद है कि पूर्व सैनिक हमारा साथ देंगे।



## त्योहारी मांग से सोना 1.3 लाख रुपये के नए उच्चतम स्तर पर, चांदी 1.85 लाख रुपये के पार

**नयी दिल्ली :** 'धनतेरस' से पहले खुदरा विक्रेताओं और आभूषण विक्रेताओं की भारी त्योहारी खरीद-ारी के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 2,850 रुपये मजबूत होकर पहली बार 1.3 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,850 रुपये बढ़कर 1,30,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जबकि पिछली सत्र में यह 1,27,950 रुपये पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,850 रुपये बढ़कर 1,30,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जबकि इसका पिछला बंद भाव 1,27,350 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी भी 6,000 रुपये के उछाल के साथ 1,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो लगातार पांचवें दिन की बढ़त है।

## जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना के जवानों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार देर रात कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठियों को चुनौती दी। दोनों पक्षों के बीच कुछ देर के लिए गोलीबारी हुई। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जम्मू कश्मीर पुलिस की विशिष्ट खुफिया जानकारी और सूत्रों व एजेंसियों की पुष्टि के आधार पर संभावित घुसपैठ के प्रयास के संबंध में 13 अक्टूबर 2025 को कुपवाड़ा के माछल सेक्टर में सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया था।'' पोस्ट में कहा गया है, ''सतर्क जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और चुनौती दी, जिसके बाद आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने प्रभावी जवाबी कार्रवाई करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया। बड़ी मात्रा में हथियार और उपकरण बरामद किए गए।'' अभियान अभी जारी है।

### अमेरिका के लिए सभी श्रेणियों की डाक सेवाएं 15 अक्टूबर से बहाल करेगा डाक विभाग

**नयी दिल्ली :** भारतीय डाक विभाग ने मंगलवार को कहा कि वह 15 अक्टूबर से अमेरिका के लिए सभी श्रेणियों की अंतरराष्ट्रीय डाक सेवाएं बहाल करने जा रहा है। डाक विभाग ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि अमेरिकी सीमा-शुल्क एवं सीमा संरक्षण (सीबीपी) के दिशानिर्देशों के अनुरूप, भारत से अमेरिका जाने वाली डाक खेप पर शुल्क दर घोषित सामान मूल्य का 50 प्रतिशत तय की गई है जो नए शुल्क नियमों के तहत लागू होगी। डाक विभाग ने कहा, विभाग यह घोषणा करते हुए प्रसन्न है कि 15 अक्टूबर, 2025 से अमेरिका के लिए सभी श्रेणियों की अंतरराष्ट्रीय डाक सेवाएं दोबारा शुरू की जा रही हैं।

### गूगल एआई केंद्र के लिए करेगी 15 अरब डॉलर का निवेश, अदाणी समूह के साथ मिलकर बनाएगी डेटा केंद्र

**नयी दिल्ली :** अमेरिका की कंपनी गूगल अगले पांच वर्ष में विशाखा-पत्तनम में एक कृत्रिम मेधा (एआई) केंद्र स्थापित करने के लिए 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी। इसमें अदाणी समूह के साथ साझेदारी में देश का सबसे बड़ा डेटा सेंटर भी शामिल होगा। सरकारी बयान के अनुसार, इस परियोजना से आंध्र प्रदेश में 5,000-6,000 प्रत्यक्ष नौकरियां और कुल 20,000-30,000 नौकरियां उत्पन्न होने की उम्मीद है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी ने कहा कि आंध्र प्रदेश के विशाखा-पत्तनम में यह एआई केंद्र अमेरिका के बाहर गूगल का सबसे बड़ा केंद्र होगा। इसमें एक गीगावाट का डाटा सेंटर परिसर, नए बड़े पैमाने के ऊर्जा स्रोत एवं विस्तारित फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क शामिल होगा।







## सतर्कता से टिकेगा इस्राइल-हमास युद्धविराम

अब भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दंभी तेवरों की तर्ज पर लाख दावे करते रहें कि गाजा युद्ध समाप्त हो गया है। मगर हकीकत है कि एक छोटी सी चिंगारी भी युद्ध को भड़का सकती है। एक हकीकत है कि दो साल से जारी युद्ध में जहां एक ओर भले ही गाजा पूरा तबाह हो गया हो, लेकिन इसके बावजूद हमास के लड़ाके पीछे हटने को तैयार नहीं दिखे। उनके पास ट्रंप के भारी दबाव व परिस्थितियों के चलते शांति समझौते को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प बचा ही नहीं था। वहीं दो साल तक युद्ध लड़ते-लड़ते इस्राइली सेना में भी थकान देखी गई थी, साथ ही आतंरिक दबाव युद्ध रोकने के लिये प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर भी बराबर बना हुआ था। ट्रंप के बड़बोले दावों को पश्चिमी एशिया और शेष दुनिया बेशक गंभीरता से न लेती रही हो, लेकिन अब एक हकीकत सामने है कि उनके हस्तक्षेप ने गाजा में फिलहाल तोपों को शांत किया है। डोनाल्ड ट्रंप का सोमवार को इस्राइल में एक नायक जैसा स्वागत किया गया। अमेरिकी मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते के बाद हमास ने आखिरकार शेष जीवित बचे बीस इस्राइली बंधकों को रिहा कर दिया। जिसके बाद इस्राइल में किसी बड़े उत्सव जैसा जश्न दिखा। बहरहाल, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अभी भी इस्राइल-हमास युद्धविराम समझौता नाजुक बना हुआ है। इसकी वास्तविक परीक्षा आने वाले दिनों में, बहुत संभव है कुछ हफ्तों में हो। इस संघर्षरत क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिये जरूरी है कि प्रमुख हितधारकों की ओर से गंभीर प्रयास लगातार होते रहें। वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती भूतहा खण्डहर में तब्दील हो चुके गाजा के पुनर्निर्माण की होगी। दो साल से लगातार जारी युद्ध के चलते यह इलाका मलबे के ढेर में तब्दील हो चुका है। कहना मुश्किल है कि आने वाले वक्त में इस्राइल की निरंकुशता पर किसी हद तक अंकुश लग पाता है, ताकि गाजा के लोग फिर से सामान्य जीवन की कोशिश में किसी हद तक सफल हो सकें।

दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि इस्राइल और हमास के संघर्ष ने करीब बाइस लाख से अधिक लोगों को बेघर करके भुखमरी के कगार पर पहुंचा दिया है। ऐसे में दोनों पक्षों के लिये समझौते के पहले चरण को पूरी तरह से लागू करना बेहद जरूरी होगा। जिसमें बंधकों व कैदियों की रिहाई, गाजा में मानवीय सहायता को अनवरत जारी रखना और इस्राइली सेनाओं की गाजा के मुख्य शहरों से आंशिक वापसी सुनिश्चित करना भी शामिल है। यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो इसके बाद ही दूसरे चरण की बातचीत की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। यह बेहद मुश्किल चुनौतियों वाला चरण होगा। इस दौरान कई संवेदनशील मुद्दे सामने होंगे। सवाल यह भी रहेगा कि लड़ाई खत्म होना एक स्थायी प्रक्रिया बन सकेगी। युद्ध समाप्ति के बाद घनी आबादी वाले इलाके में शासन कैसे चलेगा? क्या समझौते के अनुरूप हमास की भूमिका प्रशासन में खत्म हो जाएगी? क्या वास्तव में हमास हथियार डाल देगा? हालांकि, तालियों की गड़गड़ाहट के बीच इस्राइली संसद में ट्रंप ने दावा किया है कि हमास उनकी निशस्त्रीकरण योजना के प्रावधानों का पालन करेगा। लेकिन इस चरमपंथी समूह ने फ़लस्तीन को राज्य का दर्जा मिलने से पहले इस संभावना से इनकार किया है। बताया जा रहा है कि ट्रंप एक अंतर्राष्ट्रीय निकाय का नेतृत्व करने वाले हैं, जो गाजा के शासन के लिये एक अस्थायी गैर-राजनीतिक समिति के कामकाज की देखरेख करेगा। निस्संदेह, इस भावनात्मक मुद्दे को राजनीतिक रूप से कुशलता पूर्वक संभालने की जरूरत है। निर्विवाद रूप से इस विवाद के पटाक्षेप के लिये दो-राज्य समाधान के लिये स्पष्ट समय-सीमा का अभाव एक कसक के रूप में महसूस किया जाता रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति अपनी पीठ थपथपा सकते हैं, लेकिन देर-सवेर उन्हें अहसास हो सकता है कि उन्होंने इस बेहद जटिल मुद्दे के समाधान की कोशिशों में अपनी क्षमता से अधिक काम ले लिया है। दशकों से इस्राइल और फलस्तीनियों के संघर्ष की जड़ें गहरी हैं। जिसका स्थायी समाधान एक कल्पित प्रश्न जैसा ही है।

# पंचायत चुनाव में सीधे कूदने का साहस नहीं जुटा पा रही है सपा



अजय कुमार

उत्तर प्रदेश की राजनीति में समाजवादी पार्टी ने एक ऐसा कदम उठाने की तैयारी की है, जिसने प्रदेश भर में राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है। पार्टी सूत्रों से खबर है कि समाजवादी पार्टी पंचायत चुनाव में अपने अधिकृत प्रत्याशी नहीं उतारेगी। यह निर्णय फिलहाल आंतरिक चर्चा के चरण में है, लेकिन इसके संकेत स्पष्ट हैं कि पार्टी ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत सदस्य के पदों पर सीधा दखल देने से फिलहाल बचना चाहती है। यह रणनीति 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए तैयार की जा रही है। जिस तरह पिछले कुछ चुनावों में स्थानीय स्तर पर दावेदारी को लेकर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के बीच मतभेद बढ़े थे, उस स्थिति को दोबारा जन्म देने का जोखिम पार्टी नेतृत्व नहीं लेना चाहता।वहीं कहा यह भी जा रहा है कि यदि पंचायत चुनाव के नतीजे समाजवादी पार्टी की जगह बीजेपी के पक्ष में गये तो 2027 के चुनाव की तैयारी में पूरे मनोबल से लगे समाजवादी नेताओं और कार्यकर्ताओं को मनोबल भी कम होगा। इसी लिये सपा ने पंचायत चुनाव से प्रत्यक्ष तौर पर दूरी का मन बना लिया है।

सूत्र बताते हैं कि समाजवादी पार्टी की उच्च स्तर की बैठक में इस बात पर गंभीर मंथन हुआ है कि पंचायत चुनाव जैसे अर्धराजनीतिक निर्वाचन में अधिकृत उम्मीदवारों को उतारने से पार्टी का संगठन किस तरह प्रभावित हो सकता है। कई जिलों में पिछली बार यह देखा गया था कि टिकट वितरण और सहयोगी गुटों के बीच खींचतान ने पूरे संगठन को दो खेमों में बांट दिया था। नतीजा यह हुआ कि कई क्षेत्रों में समाजवादी पार्टी की राजनीतिक पकड़ कमजोर पड़ गई। इस बार पार्टी का प्राथमिक लक्ष्य है कि किसी तरह संगठनात्मक एकता को बनाए रखते हुए 2027 के चुनाव तक तैयारियां सुचारू रूप से जारी रहें। ऐसे में पंचायत चुनाव के स्तर पर किसी तरह का आंतरिक संघर्ष पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है।जानकारी के मुताबिक, पार्टी का मानना है कि पंचायत चुनावों में स्थानीय समीकरण और व्यक्तिगत प्रभाव ज्यादा अहम होते हैं। अधिकांश स्थानों पर उम्मीदवारों का चयन जातीय व सामाजिक समीकरणों के हिसाब से होता है, न कि सीधे-सीधे किसी दल के प्रतीक अथवा नीतियों के आधार पर। ऐसे में यदि समाजवादी पार्टी अपने झंडे और निशान के साथ प्रत्याशी उतारती है, तो स्थानीय मतदाताओं में दलगत छवि को लेकर भ्रम या विरोधाभास की स्थिति बन सकती है। पार्टी चाहती है कि उसके समर्थक और कार्यकर्ता इन चुनावों में स्वतंत्र रूप से हिस्सा लें, लेकिन समाजवादी विचारधारा के अनुरूप लोगों को समर्थन दिया जाए। इसे अप्रत्यक्ष चुनावी भागीदारी के रूप में देखा जा सकता है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह रणनीति अखिलेश यादव की गहरी सोची-समझी चाल है। यूपी में स्थानीय राजनीति का प्रभाव विधानसभा स्तर की राजनीति पर दिखता है। जब पंचायत चुनावों के नतीजे सामने आते हैं, तो उनसे यह आकलन लगाया जाता है कि किस पार्टी का वोट बैंक जमीनी स्तर पर मजबूत है। समाजवादी पार्टी यह चाहती है कि पंचायत चुनाव के परिणाम आने के बाद वह उनकी समीक्षा कर एक ठोस रणनीति तैयार करे। इससे उसे यह समझने में मदद मिलेगी कि किन जिलों और ब्लॉकों में जनता का रुझान उसके पक्ष में है, और कहां संगठन को मजबूती की जरूरत है। यानी यह कह सकते हैं कि पार्टी इन चुनावों को ''घोषित रूप से नहीं'' पर ''रणनीतिक सर्वेक्षण'' के रूप में ले रही है।

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने यह भी स्वीकार किया है कि पिछली बार पंचायत चुनावों में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं के बीच टिकट की होड़ और समूहबाजी ने कई जिलों में पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाया था। खासतौर पर पूर्वांचल, बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी में इस तरह की तनातनी ने विधानसभा क्षेत्रों में कई जगह नतीजों को प्रभावित किया। इस बार पार्टी नेतृत्व नहीं चाहता कि किसी ग्राम प्रधान या पंचायत सदस्य के चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़े और वह 2027 के मिशन को प्रभावित कर दे। इसलिए यह साफ हो गया है कि पार्टी अधिकारिक बयान भले न जारी करे, पर अंदरूनी रूप से फिलहाल पंचायत चुनाव में चुप रहना ही उचित समझ रही है।कई पर्यवेक्षकों का यह भी कहना है कि यह कदम समाजवादी पार्टी की वर्तमान हालात में व्यावहारिक मजबूरी भी है। पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। संगठन को फिर से खड़ा करने की दिशा में अभी कई स्तर पर काम चल रहा है। ऐसे वक्त पर अगर पंचायत स्तर पर गुटबाजी बढ़ी तो संगठनात्मक एकता पर गहरा असर पड़ेगा। नेतृत्व इस जोखिम को उठाने को तैयार नहीं है। अखिलेश यादव स्वयं कई बार सार्वजनिक मंचों से यह स्पष्ट कर चुके हैं कि आने वाला विधानसभा चुनाव पार्टी के अस्तित्व और भविष्य की दिशा तय करेगा। इसलिए वे तमाम आंतरिक विवादों को पहले ही रोकने की कोशिश में हैं। पंचायत चुनाव में सीधे दखल न देना, इसी सोच की एक झलक माना जा रहा है।

हालांकि, इस रणनीति से कुछ स्थानीय नेताओं में असंतोष भी देखने को मिल सकता है। पंचायत चुनाव कार्यकर्ताओं के लिए अपने राजनीतिक कौशल को दिखाने और जनता के बीच पहुंच बनाने का मौका होता है। यदि पार्टी स्तर पर उन्हें अधिकृत समर्थन नहीं मिलेगा, तो कई महत्वाकांक्षी कार्यकर्ता स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का निर्णय ले सकते हैं। इससे पार्टी के लिए यह चुनौती खड़ी होगी कि वह कैसे इन स्थानीय नेताओं को अनुशासित ढंग से संगठन से जोड़े रखे। पार्टी की योजना है कि पंचायत चुनाव के पूरा होने के बाद जिला और मंडल स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन कर फीडबैक लिया जाए और नई रणनीति तैयार की जाए। इससे पार्टी को 2027 से पहले नए नेतृत्व और कार्यकर्ता संरचना को मजबूत करने का अवसर मिलेगा।

विपक्षी दल इस निर्णय को लेकर पहले ही अपने-अपने तरीके से टिप्पणियाँ करने लगे हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का कहना है कि समाजवादी पार्टी जनता के बीच अपनी कमजोर स्थिति से वाकिफ है, इसलिए वह हार के डर से मैदान छोड़ रही है। वहीं, बसपा और कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सपा नेतृत्व इस बहाने अपने आंतरिक मतभेदों को छिपाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन सपा के सूत्र इसे रणनीति बताते हैं और कहते हैं कि पंचायत चुनाव में जो समर्थक सपा के विचारों से जुड़े होंगे, वे स्वाभाविक रूप से पार्टी के साथ रहेंगे, भले ही उम्मीदवारों का नाम औपचारिक रूप से घोषित न किया जाए। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में यह कदम सपा के लिए एक 'डैमेज कंट्रोल' की तरह है। विपक्षी दलों के बीच गठबंधन को लेकर भी संशय की स्थिति बनी हुई है। समाजवादी नेतृत्व चाह रहा है कि पंचायत चुनावों से पहले किसी गठबंधन या साझा रणनीति की चर्चा शुरू न हो, ताकि स्थानीय स्तर पर पार्टी के स्वतंत्र संगठनात्मक ढांचे को बचाया जा सके। संभव है कि पंचायत चुनाव के परिणामों का विश्लेषण करने के बाद पार्टी संभावित सहयोगी दलों के साथ अपनी नई राजनीतिक दिशा स्पष्ट करे। इस तरह यह निर्णय केवल पंचायत चुनाव तक सीमित नहीं, बल्कि 2027 के बड़े संघर्ष की तैयारी का हिस्सा है।बहरहाल, अभी तक समाजवादी पार्टी की ओर से इस विषय पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, परन्तु पार्टी सूत्रों की मानें तो जल्द ही प्रदेश संगठन के भीतर इस प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जा सकता है। यदि यह निर्णय वास्तविक रूप से लागू होता है, तो पंचायत चुनाव में समाजवादी पार्टी पहली बार इस तरह से 'अप्रत्यक्ष' भूमिका निभाएगी। यह प्रयोग यूपी की राजनीति में एक बड़ा संदेश देने वाला साबित हो सकता हैकृकि कभी-कभी चुनाव में सक्रिय भागीदारी से अधिक प्रभावशाली होता है समयानुकूल संयम और रणनीतिक मौन।

-वरिष्ठ पत्रकार

# पारंपरिक चिकित्सा की बढ़ती प्रासंगिकता



श्री प्रतापराव जाधव

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, इसके 88 प्रतिशत सदस्य देशों - 194 देशों में से 170 - में पारंपरिक चिकित्सा का प्रचलन है। विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों में, यह चिकित्सा प्रणाली अपने सुलभ और किफायती सेवा के कारण अरबों लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा का प्राथमिक रूप बनी हुई है। तथापि, इसका महत्व उपचार से आगे बढ़कर जैव विविधता संरक्षण, पोषण सुरक्षा और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने तक विस्तृत है।

व्यापारिक रुझान दिखाते हैं कि लोग इसे तेजी से अपना रहे हैं। विश्लेषकों का अनुमान है कि वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा बाजार 2025 तक 10 प्रतिशत -20 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 583 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। चीन का पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र 122.4 अरब डॉलर, ऑस्ट्रेलिया का हर्बल औषधि उद्योग 3.97 अरब डॉलर और भारत का आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा एवं होम्योपैथी (आयुष) क्षेत्र 43.4 अरब डॉलर के मूल्य का है।

यह विस्तार स्वास्थ्य सेवा दर्शन में एक मूलभूत बदलाव को दर्शाता है - प्रतिक्रियात्मक उपचार मॉडल से सक्रिय, निवारक दृष्टिकोणों की ओर, जो केवल लक्षणों के बजाय मूल कारणों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

**भारत का आयुर्वेदिक परिवर्तन**

भारत के पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। 92,000 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों वाले आयुष उद्योग का एक दशक से भी कम समय में लगभग आठ गुना विस्तार हुआ है। विनिर्माण क्षेत्र का राजस्व 2014-15 के 21,697 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्तमान में 1.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जबकि सेवा क्षेत्र ने 1.67 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है।

भारत अब 150 से ज़्यादा देशों को 1.54 अरब डॉलर मूल्य के आयुष और हर्बल उत्पादों का निर्यात करता है और आयुर्वेद को कई देशों में एक चिकित्सा पद्धति के रूप में औपचारिक मान्यता मिल रही है। यह वैश्विक मंच पर आर्थिक अवसर और सॉफ्ट पावर, दोनों का प्रतिनिधित्व करता है।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (2022-23) द्वारा आयुष पर किए गए पहले व्यापक सर्वेक्षण से लगभग सार्वभौमिक जागरूकता का पता चलता है - ग्रामीण क्षेत्रों में 95 प्रतिशत और शहरी केंद्रों में 96 प्रतिशत। पिछले वर्ष आधी से ज़्यादा आबादी ने आयुष प्रणालियों का उपयोग करने की जानकारी दी थी और आयुर्वेद कायाकल्प और निवारक देखभाल के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में उभरा है।

**जलवायु परिवर्तन और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के दौर में प्राचीन चिकित्सा पद्धति स्थायी स्वास्थ्य सेवा समाधान प्रदान कर सकती है**

**वैज्ञानिक मान्यता, वैश्विक विस्तार**

भारत ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान और केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद सहित कई संस्थानों के माध्यम से अनुसंधान में महत्वपूर्ण निवेश किया है।

ये संस्थान नैदानिक सत्यापन, औषधि मानकीकरण और एकीकृत देखभाल मॉडल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ जोड़ते हैं।

आयुष मंत्रालय की अंतर्राष्ट्रीय सहयोग योजना के माध्यम से भारत की वैश्विक आयुर्वेद पहुँच ने अभूतपूर्व स्तर हासिल किया है। भारत ने 25 द्विपक्षीय समझौतों और 52 संस्थागत साझेदारियों पर हस्ताक्षर किए हैं, 39 देशों में 43 आयुष सूचना प्रकोष्ठ स्थापित किए हैं और विदेशी विश्वविद्यालयों में 15 शैक्षणिक विभागों की स्थापना की है।

भारत में डब्लूएचओ वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारत सरकार से समर्थन प्राप्त इस केंद्र का उद्देश्य आधुनिक विज्ञान, डिजिटल स्वास्थ्य और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित उभरती प्रौद्योगिकियों के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा की क्षमता का उपयोग करना है।

पारंपरिक चिकित्सा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के एकीकरण पर विश्व स्वास्थ्य संगठन का हालिया प्रकाशन इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे उन्नत प्रौद्योगिकियां नैदानिक सत्यापन को मजबूत कर सकती हैं, बड़े डेटा विश्लेषण को सक्षम बना सकती हैं और आयुर्वेद व संबंधित प्रणालियों में पूर्वानुमान देखभाल प्रणाली को बेहतर बना सकती हैं।

**आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए**

आयुर्वेद का मूल दर्शन - शरीर और मन, मानव और प्रकृति, उपभोग और संरक्षण के बीच संतुलन - समकालीन चुनौतियों के लिए प्रासंगिक समाधान प्रस्तुत करता है। जहाँ एक ओर दुनिया जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है, वहीं आयुर्वेद एक ऐसी रूपरेखा प्रदान करता है, जो व्यक्तिगत और पृथ्वी के स्वास्थ्य, दोनों का समाधान करने में सक्षम है।

भारत वैश्विक स्तर पर पारंपरिक चिकित्सा को मुख्यधारा में लाने के प्रयासों का नेतृत्व कर रहा है। यह दृष्टिकोण निवारक, किफायती, समावेशी और स्थायी स्वास्थ्य देखभाल पर ज़ोर देता है। आयुर्वेद न केवल एक चिकित्सा प्रणाली, बल्कि एक कल्याण अभियान का प्रतिनिधित्व करता है, जो पारंपरिक ज्ञान को समकालीन आवश्यकताओं से जोड़ता है।

प्राचीन ज्ञान का आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ समन्वय, पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को वैश्विक स्वास्थ्य संरचना में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की सुविधा देता है। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों की क्षमता की याद दिलाता है, जो लोग और अपनी पृथ्वी के संदर्भ में एक अधिक संतुलित और स्थायी भविष्य में योगदान दे सकती है।

**-केंद्रीय आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी (आयुष) राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री**

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 अक्टूबर, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक कृष्णपक्ष नवमी, 10:37 तक, नक्षत्र : पुष्य, 12:00 तक, योग : साध्य, 26:50 तक, सूर्योदय: 5:32, सूर्यास्त: 17:13, चन्द्रोदय : 24:52, चन्द्रास्त: 13:35, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 11:22 से 12:48

## राशिफल


**मेष :** मेष राशि के जातकों का आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है। आपके निर्णय लेने की क्षमता के कारण आज आपको लाभ के अवसर प्राप्त होंगे और परिवार में आपका गौरव बढ़ेगा।


**वृष :** आज वृष राशि के जातकों को संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होगा। घर से निकलने से पहले माता-पिता का आशीर्वाद अवश्य ले लें। इससे कोई विशेष उपलब्धि आपको हासिल हो सकती है।


**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों के लिए बुधवार का दिन थोड़ा चुनौतियों से भरा रहने वाला लग रहा है। कोई मुकदमा या कानूनी विवाद आपके लिए थोड़ी परेशानी खड़ी कर सकता है।


**कर्क :** आज का दिन कर्क राशि वालों के लिए खुशियां लेकर आ रहा है। लंबे समय से अटका प्रमोशन आज आपको प्राप्त हो सकता है। आपकी निर्णय लेने की क्षमता आज मजबूत रहेगी।


**सिंह :** सिंह राशि वाले व्यापारी वर्ग के लोगों को आज नए बदलाव के अवसर मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारों में वृद्धि और आर्थिक लाभ का अनुभव होगा। परिवार से शुभ समाचार मिलेंगे।


**कन्या :** आज के दिन कन्या राशि वालों का अधिक खर्च होने वाला है। शान-शौकत के लिए धन खर्च कर सकते हैं। भलाई के कार्यों का लाभ आपकी संतान को मिलता हुआ नजर आ रहा है।


**तुला :** अतुला राशि के जातकों को आज सोच-समझकर किए गए प्रयासों के बावजूद नुकसान की संभावना बनी रह सकती है। अचानक कोई सरकारी बाधा आपको घेर सकती है।


**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के जातकों को कोई बहुमूल्य वस्तु से लाभ मिलने की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज के दिन पद और अधिकारों में वृद्धि हो सकती है।


**धनु :** आज आपका दिन गुरु के प्रति निष्ठा और भक्ति से पूर्ण रहेगा। आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति और नई बुद्धिमत्ताओं का विकास होगा। रुके हुए धन की प्राप्ति आज के दिन होती हुई दिख रही है।


**मकर :** आज आपकी शारीरिक ऊर्जा और उत्साह अधिक रहेगा। कुछ अनावश्यक खर्चे हो सकते हैं। कुछ कामों को अनिच्छा के बावजूद भी करना पड़ेगा। आज उसे सफलता मिल सकती है।


**कुम्भ :** आज के दिन कुंभ राशि के जातकों को धैर्य और सोच-समझकर कार्य करना चाहिए। जल्दबाजी में किए गए कार्य से हानि हो सकती है। भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी।


**मीन :** मीन राशि वालों को आज स्वास्थ्य की तरफ ध्यान देना होगा। अगर आप कोई लोन लेने की योजना बना रहे हैं तो आसानी से धन प्राप्ति संभव है। नई योजनाओं को सफल बनाने के लिए प्रयास करें।

# बंगाल की खबरें

## भाजपा में शामिल हुए 'व्हिसलब्लोअर' अख्तर अली



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के विवादित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में वित्तीय अनियमितताओं के मामले का पर्दाफाश करने वाले पूर्व उप अधीक्षक अख्तर अली ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अली को इस मामले में 'व्हिसलब्लोअर' माना जाता है। अख्तर अली की याचिका पर ही कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताओं की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी थी। इसी जांच के आधार पर सीबीआई ने आरजी कर के तत्कालीन विवादित प्राचार्य संदीप घोष समेत कई अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था, जो वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। अली ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि वित्तीय अनियमितताओं को लेकर आवाज उठाने के बाद से ही उन्हें राज्य सरकार की प्रतिशोधपूर्ण कार्रवाई का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि मैं भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ अपनी लड़ाई की सीमा तक पहुंच चुका हूं। इसलिए मैंने सेवाओं से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। हालांकि, मैं राज्य के भ्रष्ट स्वास्थ्य तंत्र के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखूंगा। दूसरी तरफ, वे भाजपा में शामिल हो गए है। इस दौरान, उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है।

## विधानसभा चुनाव से पहले आयोग की अहम बैठक, 22 केंद्रीय व राज्य एजेंसियों के अधिकारी होंगे शामिल

**कोलकाता :** राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले तैयारियों को पुख्ता करने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग जल्द ही केंद्र और राज्य की लगभग 22 एजेंसियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक नवंबर के पहले सप्ताह में आयोजित की जाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस बैठक में बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल), ईडी (प्रवर्तन निदेशालय), शुल्क विभाग, आयकर विभाग, और अन्य कई केंद्रीय एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

इन सभी संस्थाओं की भूमिका चुनाव से पहले अवैध तस्करी, काले धन के प्रवाह और अन्य अपराध संबंधी गतिविधियों पर नियंत्रण रखने में अहम होती है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद ये सभी एजेंसियां निर्वाचन आयोग के प्रत्यक्ष नियंत्रण में आ जाएंगी। इसलिए आयोग पहले से ही उनके साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक योजनाओं पर काम शुरू करना चाहता है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सकें।

## वर्ग पहेली नं. 3234

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | ■ | 7 | | | | ■ | 8 | |
| 9 | 10 | | | ■ | | ■ | 11 | | |
| ■ | | ■ | | ■ | 12 | 13 | | ■ | |
| 14 | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | | ■ |
| 17 | | | ■ | ■ | 18 | ■ | | ■ | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | | | ■ | 22 | | |
| 23 | 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | ■ | 27 | | ■ | ■ | 28 | |

*बायें से दायें:-* 1) पछतावा, 4) बहुत, 7) नशे में चूर, 8) तंबू, 9) शिव, 11) सगाई; टीका, 12) जिगर, 15) चुंगीचोर, 16) वक्र, 17) अवलंबित; आश्रित, 20) व्यर्थ की बातें, 22) महामुनी, 23) पृथ्वी की सतह, 25) कवि, 26) पानी का सोता, 27) एक धातु, 28) वीर.

*ऊपर से नीचे:-* 1) भारत का एक घटक राज्य, 2) हमउम्र, 3) महाशय, 5) एक देश, 6) बहते जल का मंदध्वनि, 10) एक जानवर, 11) अस्त-व्यस्त, 13) किया हुआ कार्य, रचना, 14) अनियंत्रित; वशातीत, 15) भींगा हुआ, 18) सम्राट, 19) अस्वीकृति, 21) आगामी दिन, 24) श्रीकृष्ण की सर्वाधिक प्रिय सखी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | चा | खा | च | ■ | क | ■ | च | स | का |
| रों | ■ | ■ | क्र | य | वि | क्र | य | ■ | य |
| च | र | स | ■ | ज | ■ | ■ | न | का | र |
| ना | ■ | मा | ■ | मा | लू | म | ■ | ली | ■ |
| ■ | प्र | लो | भ | न | ■ | ग | | न | मी |
| क | व | च | ■ | ■ | व | र | ना | ■ | च |
| ■ | च | क | रा | ना | ■ | ■ | स | क | ना |
| धा | न | ■ | श्री | ■ | म | ल | म | ल | ■ |
| क्क | ■ | सा | य | कि | ल | ■ | झ | प | की |

## सुडोकू-पहेली-3191

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | 5 | 7 | | 2 | |
| | 8 | | 1 | | | | | |
| 1 | | 4 | | | | | | 6 |
| 8 | | | | | | | | 5 |
| | | | | | 4 | | | 3 |
| 3 | | | | 1 | | 2 | | |
| | | | | | | | 1 | 9 |
| | | | 2 | | | | 6 | |
| | | | 9 | | | 8 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3190 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 6 | 7 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 5 | 2 | 6 | 4 | 8 | 3 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 5 | 4 |
| 5 | 4 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 3 | 7 |
| 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 4 | 8 | 9 | 6 |
| 3 | 9 | 8 | 7 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 |

# मिरिक में भूस्खलन प्रभावितों से मिली मुख्यमंत्री, पीड़ितों से की बात

❑ आज मुख्यमंत्री करेंगी प्रशासनिक बैठक

**सिलीगुड़ी :** उत्तर बंगाल के दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भूस्खलन प्रभावित मिरिक पहुंची, जहां उन्होंने पीड़ित परिवारों से बात की। उल्लेखनीय है कि आपदा के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को उत्तर बंगाल पहुंची थी। इस दिन, नागराकाटा में दूसरी बार प्रभावित इलाकों का दौरा किया। इसके बाद, मुख्यमंत्री रात में कर्सियांग के लिए रवाना हो गई। जहां रात्रि विश्राम किया। फिर, मंगलवार की दोपहर को मुख्यमंत्री का काफिला मिरिक के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री सीधे मिरिक पहुंची और प्रभावित इलाकों का



दौरा किया। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों से बात भी की। उन्होंने प्रशासन की ओर से राहत और पुनर्वास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। इसके बाद, यहां से मुख्यमंत्री सुखियाप-ोखरी गई। वहां वे पीड़ितों को राहत सामग्री बांटने के बाद दार्जिलिंग लौट गई। वहीं, मुख्यमंत्री आज दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जिले की प्रशासनिक बैठक करेंगी। जहां गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन (जीटीए) हाल ही में आई आपदा में पहाड़ियों को हुए नुकसान की रिपोर्ट पेश करेगा। इसके बाद, मुख्यमंत्री बुधवार को दार्जिलिंग में रहेंगी और गुरुवार को सिलीगुड़ी के उत्तरकन्या पहुंचेंगी।

## टेंडर जारी होने से पहले ही पूरा हो गया सड़क निर्माण का काम, हाई कोर्ट पहुंचा मामला

❑ **हाई कोर्ट में भ्रष्टाचार की याचिका, लागत में वृद्धि पर पार्षदों का सवाल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले की कृष्णानगर नगरपालिका में निविदा प्रक्रिया में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट में एक याचिका दायर हुई है। आरोप है कि नगरपालिका के वार्ड 24 में कदमतला इमरसन घाट से 500 मीटर लंबी सड़क का निर्माण निविदा जारी होने से पहले ही अवैध रूप से कर दिया गया। इसे लेकर नगरपालिका के पार्षदों के एक वर्ग ने अब अदालत का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने नगरपालिका के उप चेयरमैन नरेश चंद्र दास और नगरपालिका के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट में अवकाशकालीन पीठ में होने की संभावना है। बताया गया है कि नगरपालिका की ओर से निविदा का नोटिस 25 सितंबर को जारी किया गया था। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 16 अक्तूबर व खुलने की तिथि 25 अक्तूबर है। लेकिन आरोप है कि इस बीच 30 सितंबर के पहले ही सडक़ का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

कृष्णानगर नगरपालिका की पूर्व चेयरपर्सन और वार्ड नौ की पार्षद रीता दास समेत आठ पार्षदों ने इसे लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि निविदा जारी होने से पहले काम कैसे पूरा हो गया? काम किसे मिला, कैसे भुगतान हुआ, पैसा कहां गया। इन सभी की जांच होनी चाहिए।

## दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामला हाई कोर्ट पहुंचा, दो याचिकाएं दायर



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बर्दवान जिले के दुर्गापुर में एक आदिवासी मेडिकल छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले में मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में दो समानांतर याचिकाएं दायर की गई हैं। एक ओर, भाजपा की बंगाल इकाई ने 19 अक्टूबर तक निजी मेडिकल कालेज के पास अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखने के लिए एक याचिका दायर की है। दूसरी ओर, उक्त निजी मेडिकल कालेज के प्रबंधन ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और कालेज परिसर के सामने लोगों की भीड़ को हटाने की मांग की है, क्योंकि वहां परीक्षाएं चल रही हैं। दोनों याचिकाएं न्यायमूर्ति शंपा दत्त (पाल) की एकल पीठ में दायर की गई हैं। न्यायमूर्ति शम्पा दत्ता पाल ने मंगलवार को इस याचिका की अनुमति दी, और माना जा रहा है कि इस पर आगामी 16 अक्टूबर को सुनवाई हो सकती है।

### पुलिस दुर्गापुर दुष्कर्म पीड़िता का इलाज कर रहे अस्पताल में अनधिकृत प्रवेश रोके : हाई कोर्ट

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को राज्य पुलिस को निर्देश दिया कि वह यह सुनिश्चित करे कि दुर्गापुर स्थित निजी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्प-ताल में कोई अनधिकृत रूप से प्रवेश न करे जहां सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता का इलाज किया जा रहा है। उच्च न्यायालय इलाके में शांति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने का भी आदेश दिया। न्यायमूर्ति शम्पा दत्त (पॉल) की अवकाश पीठ ने दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि बिना उचित अनुमति के किसी को भी अस्पताल और चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में प्रवेश की अनुमति न दी जाए। बता दें कि उच्च न्यायालय ने यह आदेश एक गैर सरकारी संगठन की याचिका पर दिया जिसने राज्य सरकार को दुर्गापुर स्थित परिसर की सुरक्षा के लिए उचित संख्या में पुलिस बल तैनात करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था।

## दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामला : पुलिस ने पांच आरोपितों और पीड़िता के दोस्त को घटनास्थल पर ले जाकर कराया पुनर्निर्माण

**दुर्गापुर :** राज्य पुलिस ने मंगलवार की दोपहर दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार पांचों आरोपितों और पीड़िता के दोस्त को घटनास्थल पर ले जाकर वारदात का पुनर्निर्माण कराया। यह कार्रवाई जांच प्रक्रिया का हिस्सा थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी को परानागंज कालीबाड़ी श्मशान घाट के पास उस जंगल में ले जाया गया, जहां शुक्रवार की रात यह घटना घटी थी। वहां उन्हें अपने-अपने उस काम को दोहराने के लिए कहा गया जो उन्होंने वारदात के समय की थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक आईपीएस अधिकारी की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई है। इसके बाद, इसे सभी के बयान से मिलाया जाएगा और पीड़िता के बयान से भी उसका मिलान किया जाएगा। अधिकारी के अनुसार, पुनर्निर्माण से पहले जांच दल ने पीड़िता के दोस्त से करीब एक घंटे तक पूछताछ की। मंगलवार की सुबह पुलिस ने पांच में से दो आरोपितों को उनके घर भी ले जाकर तलाशी ली। इस दौरान, उन कपड़ों को जब्त किया गया, जिन्हें उन्होंने कथित रूप से वारदात के वक्त पहना था। बाकी तीन आरोपितों के कपड़े पहले ही जब्त किए जा चुके हैं। सभी जब्त कपड़े अब फोरेंसिक जांच के लिए भेजे जाएंगे। अधिकारी ने बताया कि जांच में आरोपितों की पृष्ठभूमि भी खंगाली जा रही है कि क्या वे पहले भी किसी अपराध में शामिल रहे हैं। इसके अलावा, पांचों आरोपितों के मोबाइल फोन फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं। पुलिस पीड़िता के सहपाठियों से भी पूछताछ कर रही है ताकि घटनाक्रम की सटीक जानकारी मिल सके। अधिकारी ने बताया कि दिन में बाद में सभी आरोपितों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है।

❑ **पुलिस ने पीड़िता के दोस्त को भी किया गिरफ्तार, अब तक छह गिरफ्तार**

दुर्गापुर में छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में लगातार उठ रही न्याय की मांग बीच पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत पुलिस ने पीड़िता की दोस्त को गिरफ्तार किया है। यह इस केस में अब तक की छठी गिरफ्तारी है। आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के अनुसार, आरोपी की भूमिका संदिग्ध पाई गई, जिसके चलते उसे हिरासत में लिया गया। उन्होंने बताया कि कथित अपराध वाली शाम को जब पीड़िता मेडिकल कॉलेज परिसर के बाहर खाना लेने गई थी, तब वह लड़का उसके साथ ही था। अधिकारी ने बताया कि मालदह निवासी लड़के को उसके जवाब में असंगति पाए जाने के बाद मंगलवार की शाम को गिरफ्तार कर लिया गया।

## हाई कोर्ट ने भाजपा सांसद-विधायक पर हमले की मांगी रिपोर्ट

### केस डायरी भी सौंपने के निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने मंगलवार को भाजपा के लोकसभा सदस्य खगेन मुर्मू और राज्य विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक शंकर घोष पर पिछले सप्ताह हुए हमले के संबंध में राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी। शम्पा दत्त (पॉल) की एकल पीठ ने राज्य सरकार को रिपोर्ट और राज्य पुलिस को मामले की केस डायरी 27 अक्टूबर तक अदालत में जमा करने का निर्देश दिया, जब मामले की फिर से सुनवाई होगी। उल्लेखनीय है कि खगेन मुर्मू और शंकर घोष के वाहन पर जलपाईगुड़ी के बामनडांगा में कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हमला किया, जब वे उसी जिले के नागराकाटा में उत्तर बंगाल के पहाड़ी, तराई और दुआर्स क्षेत्रों में लोगों के लिए राहत और बचाव कार्यों में मदद करने जा रहे थे। हमले के दौरान, मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि घोष को मामूली चोटें आईं। इस मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली, खासकर घटना को रोकने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के संबंध में, पर सवाल उठाते हुए कलकत्ता उच्च



न्यायालय में एक याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ता ने मामले की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जांच कराने की भी मांग की थी। यह मामला मंगलवार को सुनवाई के लिए आया और विस्तृत सुनवाई के बाद, अदालत ने राज्य सरकार से रिपोर्ट और राज्य पुलिस से केस डायरी मांगी। इस दिन, सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राज्य पुलिस ने जानबूझकर मामले में दोषियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराएं नहीं लगाईं, जबकि भाजपा के लोकसभा सदस्य और पार्टी के मुख्य सचेतक पर हमला पूर्व नियोजित और सुनियोजित था। इस दिन, राज्य पुलिस से रिपोर्ट और केस डायरी मांगने के बावजूद, न्यायमूर्ति दत्त (पॉल) ने मामले की एनआईए जांच की याचिकाकर्ता की मांग पर कोई टिप्पणी नहीं की।

## बिना अनुमति कुर्मी समुदाय के लोगों की गिरफ्तारी नहीं होगी : हाईकोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता हाईकोर्ट की पूजा अवकाशकालीन विशेष बेंच ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अदालत की अनुमति के बिना कुर्मी समुदाय के किसी भी सदस्य को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। यह निर्देश तब आया जब वकील कौस्तभ बागची ने अदालत से पूछा कि पुलिस अब तक कितने लोगों को गिरफ्तार करेगी। वकील ने बताया कि आदिवासी समाज के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, और पुलिस ने अब तक 60 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें कई को मध्यरात्रि में हिरासत में लिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस अदालत के आदेश का पालन नहीं कर रही। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि हाईकोर्ट ने केवल रेल रोको आंदोलन के लिए अनुमति दी थी, और अदालत के आदेश के अनुसार ही पुलिस किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। अदालत ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति किसी भी कुर्मी समुदाय के व्यक्ति के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा।

## शुभेंदु अधिकारी की सुरक्षा बढ़ाई गई, अब पूरे देश में मिलेगी जेड श्रेणी की सुरक्षा



**कोलकाता :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है। अब उन्हें पूरे देश में जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। पहले उन्हें राज्य के भीतर जेड श्रेणी की सुरक्षा और राज्य के बाहर वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई थी। लेकिन हालिया मूल्यांकन के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि अब शुभेंदु अधिकारी को देशभर में जेड श्रेणी सुरक्षा दी जाएगी। इसके साथ ही राज्य में उनके सुरक्षा कर्मियों की संख्या भी बढ़ाई गई है। गौरतलब है कि शुभेंदु अधिकारी ने वर्ष 2020 में तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में प्रवेश किया था। भाजपा में शामिल होने के बाद से ही उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, बढ़ते जनसंपर्क और राजनीतिक गतिविधियों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

धनतेरस-दीपावली की शुभकामना
शुद्ध घी से निर्मित मिष्ठान एवं नमकीन के लिये आपका अपना प्रतिष्ठान



तिवारी ब्रदर्स मिठाई शॉप
40 Seated Fast Food Centre
for Birthday, Anniversary Party etc.
78/12, ब्लॉक-ई, न्यु अलीपुर : 8981026905/9007085111, 033-35928658
तिवारी ब्रदर्स, बड़ाबाजार : 6291225670, 8981026906 / 033-22688913
तिवारी स्वीट्स, कॉटन स्ट्रीट : 8981026911 / 6291183199
तिवारी कन्फेक्सनर्स : मिन्टो पार्क : 033-22871161/5613, 8276829152
काकुड़गाछी : 033-23558373 / 74, 9038488211




For Retail and Wholesale Orders : • VIP - 98300 11120 • Bara Bazar - 98300 11135/98300 11136 • Brabourne Road - 98300 11139 • Misti Hub - 98300 11138 • Sealdah - 98300 11140 • Hazra - 98300 11137 • Barrackpore - 98300 11192 • G. T. Road - 98756 11243 • Baruipur - 7797857567 • Siliguri - 98300 11143 • Rangoli Mall - 98756 11168 • Kankurgachi - 98300 11134 • Elliot Road - 98300 11141

AVAILABLE AT YOUR NEAREST STORE, IN FOOD MARTS AT LEADING SHOPPING MALLS AND ON ALL MAJOR ONLINE PLATFORMS

Corporate Office : Haldiram Bhujiawala Limited, VIP Main Road, Kolkata - 52 | Email : enquiry@prabhujipurefood.com

PrabhujiPureFood | For Business Enquiry & Corporate Booking : +91 98300 11127 | For Trade Enquiry, Call : 98756 11111

Available on : blinkit | Flipkart | Reliance SMART | spencer's | METRO | Swiggy instamart | more. | www.prabhujipurefood.com

*'PURE' does not represent its true nature. Due to its compound ingredients products.

Scan to visit our website

# ओडिशा के भाजपा सांसद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने दुर्गापुर में अस्पताल में पीड़िता से की मुलाकात

**❏ प्रताप चंद्र सारंगी ने छात्रा के देर रात बाहर निकलने पर टिप्पणी करने के लिए ममता की आलोचना की**



**दुर्गापुर :** ओडिशा के बालासोर से भाजपा के सांसद प्रताप चंद्र सारंगी ने दुर्गापुर में कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हुई पीड़िता से मंगलवार को दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल में मुलाकात करने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की। सारंगी ने दावा किया कि इस तरह की टिप्पणियां अपराधियों को बचाने के लिए की गयीं। इस दिन, दोपहर में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक टीम के साथ दुर्गापुर पहुंचे सारंगी को अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों ने कथित तौर पर रोक लिया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच बहस हो गई। भाजपा सांसद ने दोपहर में छात्रा से अस्पताल में मुलाकात की।

सारंगी ने आरोप लगाया कि आज (मंगलवार को) मैंने अधिकारियों से बात की और उन्होंने मुझे बताया कि छात्रा तय समय के भीतर बाहर गई थी। फिर, मुख्यमंत्री यह कैसे कह सकती हैं कि वह रात के 12.30 बजे बाहर थीं? वह ऐसा बयान कैसे दे सकती हैं? यह केवल अपराधियों को बचाने के लिए है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि मैंने अपनी बेटी को अस्पताल के अंदर देखा है। वह गंभीर मानसिक और शारीरिक आघात से जूझ रही है। भाजपा सांसद ने कहा कि अपने सपनों को पूरा करने दूसरे राज्य आई मेडिकल छात्रा को ऐसी घटना का सामना करना पड़ा, जो अमानवीय से कम नहीं है।

सारंगी ने जोर देकर कहा कि हमने ऐसी ही एक घटना देखी है, जब आरजी कर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक से सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। इस घटना से ममता बनर्जी का खून खौल जाना चाहिए था। इसके बजाय, वह ऐसे बयान दे रही हैं।

## एगरा में चिकित्सकीय लापरवाही से बच्चे की मौत, अस्पताल परिसर में मचा हंगामा

**❏ गुस्साई भीड़ ने पुलिस कर्मी पर किया हमला व फाड़ी वर्दी, दो गिरफ्तार**
**❏ अस्पताल प्रशासन ने शुरू की जांच**

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के एगरा सब-डिवीजनल अस्पताल में मंगलवार को एक बच्ची की मौत से गुस्साई भीड़ ने वहां तैनात एक पुलिस कर्मी पर हमला कर दिया। उसकी वर्दी फाड़ दी। वहां मौजूद कुछ लोगों ने पुलिस कर्मी का उद्धार किया। इसके बाद, पुलिस की विशाल टीम वहां पहुंची और उग्र भीड़ को खदेड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्वसन संबंधी समस्या के कारण दो माह की एक बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां सात दिनों बाद गत सोमवार को उसकी मौत हो गई। मृतकों के



स्वजनों व उसके इलाके के लोगों ने चिकित्सा में लापरवाही से बच्ची की मौत का आरोप लगाते हुए अस्पताल में विरोध-प्रदर्शन किया। अस्पताल में तैनात पुलिस कर्मी प्रदर्शनकारियों को शांत करने का प्रयास कर रहे थे, तभी तनाव बढ़ गया और भीड़ ने वहां तैनात एक पुलिस कर्मी पर हमला बोलकर उसकी वर्दी फाड़ दी। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने उसे बचा लिया। बाद में, और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाया। उन्होंने पुलिस कर्मी पर मृतका के स्वजनों के साथ दुर्व्यवहार के आरोप लगाया है। अस्पताल के अधीक्षक समीर भट्टाचार्य ने कहा कि बच्ची की मौत की घटना की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि आरंभिक जानकारी के अनुसार बच्ची को काफी गंभीर हालत में अस्पताल में लाया गया था। डाक्टरों व नर्सों की टीम ने उसे पूरी चिकित्सा सेवाएं प्रदान की थी। इसके बाद भी जांच में अगर किसी की लापरवाही पाई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दूसरी तरफ, पुलिस कर्मी पर हमला करने वालों की तलाश में जगह-जगह छापामारी की गई। तीन घंटे के भीतर इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## अभिषेक बनर्जी ने उत्तर बंगाल आपदा के लिए राज्य सरकार के राहत कोष में दान किए एक लाख रुपये



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ से जानमाल का काफी नुकसान हुआ है। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस ने लोगों से बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए आगे आने की अपील की है। तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि अप्रत्याशित बाढ़ और भूस्खलन ने राज्य के उत्तरी जिलों के कई हिस्सों को तबाह कर दिया है, जिससे भारी नुकसान हुआ है। टीएमसी नेता ने इस त्रासदी को देखते हुए सभी से प्रभावित समुदायों के लिए तत्काल बचाव, राहत और दीर्घकालिक पुनर्वास प्रयासों में सहायता के लिए पश्चिम बंगाल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कोष में योगदान देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अपने राज्य के लोगों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए, मैंने पश्चिम बंगाल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कोष में 1,00,000 रुपए का योगदान दिया है। इस कठिन समय में दयालुता का हर कार्य महत्वपूर्ण है। मैं सभी से अपील करता हूं कि वे आगे आएं और इस त्रासदी में इतना कुछ खो चुके लोगों के साथ खड़े होने के लिए उदारतापूर्वक योगदान दें।

## कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया पर विकास भवन की नई अधिसूचना
## अब कॉलेज खुद करेंगे ऑनलाइन एडमिशन

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर बड़ा बदलाव किया है। विभाग की ओर से जारी नई अधिसूचना में कहा गया है कि इस बार कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया डिसेंट्रलाइज्ड यानी विकेंद्रीकृत की जा रही है। अब राज्य के कॉलेज अपने स्वयं के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रवेश दे सकेंगे।

अब तक कॉलेजों में प्रवेश दो चरणों में केंद्रीकृत काउंसलिंग के जरिए किया जाता था। लेकिन इस वर्ष से कॉलेजों को यह अधिकार दिया गया है कि वे स्वयं ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया पूरी करें। विकास भवन की अधिसूचना में कहा गया है कि सभी कॉलेजों को 7 नवंबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

इस साल जून में राज्य के सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए एकीकृत पोर्टल शुरू किया गया था। सामान्य डिग्री कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया 10 अक्टूबर को समाप्त हुई थी, जबकि जिटिए के अधीन आने वाले नौ कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया 15 अक्टूबर तक चलेगी।

हालांकि, दो चरणों की काउंसलिंग के बावजूद राज्य के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में लगभग 70 प्रतिशत सीटें खाली रह गई हैं। इसी कारण से उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों को अपने स्तर पर छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति दी है। कई कॉलेजों ने अपने पोर्टल खोलकर आवेदन लेना भी शुरू कर दिया है, जबकि कुछ कॉलेज अगले कुछ दिनों में यह प्रक्रिया शुरू करेंगे।

## आरपीएफ का मानवता कार्य, मिशन सेवा में बचाए कई बीमार यात्री

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की मानवीय पहल मिशन सेवा के तहत, सियालदह और मालदह डिवीजन के आरपीएफ के कर्मियों ने 13 अक्टूबर को बीमार यात्रियों को समय पर सहायता प्रदान की। तत्परता, सहानुभूति और यात्री कल्याण के प्रति समर्पण दिखाते हुए, आरपीएफ अधिकारियों ने तीन यात्रियों को बचाया और आवश्यक मदद प्रदान की, जो विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर बीमार अवस्था में पाए गए थे। नैहाटी रेलवे स्टेशन पर एक युवती ट्रेन में अस्वस्थ स्थिति में मिली। आरपीएफ कर्मियों ने तुरंत आवश्यक सहायता प्रदान की और उसे नजदीकी सरकारी अस्पताल में चिकित्सा के लिए भेजा। इसी तरह, सियालदह और न्यू फरक्का रेलवे



स्टेशनों पर दो और यात्री एक पुरुष और एक महिला अस्वस्थ पाए गए और उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पतालों में आवश्यक चिकित्सा सुविधा के लिए भेजा गया।

## विधानसभा चुनाव से पहले ब्रिगेड मैदान में पाँच लाख कंठों से गीता पाठ का महाआयोजन

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में अब केवल सात महीने शेष हैं। इससे पहले राज्य में एक बार फिर बड़े पैमाने पर गीता पाठ का आयोजन किया जा रहा है। सनातन संस्कृति संसद की ओर से आगामी 7 दिसंबर को ब्रिगेड मैदान में पाँच लाख कंठों से गीता पाठ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

यह इस प्रकार का तीसरा विशाल गीता पाठ कार्यक्रम होगा। इससे पहले, दिसंबर 2023 में लोकसभा चुनाव से पूर्व ब्रिगेड मैदान में लक्ष कंठ गीता पाठ का आयोजन किया गया था। उस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए थे। आयोजकों का दावा है कि उस समय एक लाख से अधिक लोगों ने गीता पाठ में भाग लिया था।

इस बार का आयोजन और भी



बड़े स्तर पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कार्तिक महाराज करेंगे। इसके अलावा गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज और बागेश्वर धाम के महा मंडलेश्वर धीरेंद्र कृष्ण महाराज के भी शामिल होने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार, इस बार भी भाजपा के कई प्रमुख नेता कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। चुनाव से पहले इस विशाल गीता पाठ कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है कि क्या भाजपा इस धार्मिक आयोजन को चुनावी रणनीति का हिस्सा बनाने जा रही है।

## सियालदह डिवीजन में स्वच्छता पखवाड़ा और स्पेशल अभियान 5.0 का आयोजन




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन में स्वच्छता पखवाड़ा और स्पेशल अभियान 5.0 का आयोजन किया गया। मंगलवार को सियालदह डिवीजन के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग मैनेजमेंट विभाग ने डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर कई महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित कीं। दिनभर की गतिविधियों में प्रमुख रूप से बेलघड़िया, बैरकपुर, चकदाहा, राणाघाट, नैहाटी और कोलकाता जैसे स्टेशनों पर प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीनों के रखरखाव और कार्यप्रणाली की समीक्षा, यात्रियों और विक्रेताओं में सिंगल-यूज प्लास्टिक के निषेध के प्रति जागरूकता अभियान, स्टेशनों पर उत्पन्न प्लास्टिक कचरे का आकलन और नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेता स्टॉल पर विशेष कार्रवाई शामिल रही। इसके अलावा, सार्वजनिक शौचालय, प्लेटफार्म, ट्रैक और आसपास के रेलवे परिसर में गहन सफाई अभियान भी चलाया गया। साथ ही, कल्याणी, घोषपाड़ा और बारुईपुर जैसे स्टेशनों पर अमृत संवाद सत्र आयोजित किए गए, जिनमें यात्रियों से स्वच्छता और सुविधाओं के बारे में फीडबैक भी लिया गया।

## आनंदपुर में इंजीनियरिंग छात्रा से दुष्कर्म, सहपाठी गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** आनंदपुर के एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज की द्वितीय वर्ष की छात्रा से दुष्कर्म के मामले में सहपाठी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम राजदीप रॉय है। मंगलवार को उसे अलीपुर कोर्ट में पेश किया गया। बताया गया है कि पीड़िता आनंदपुर थाना क्षेत्र में एक किराए के फ्लैट में रहती है। आरोप है कि उस फ्लैट में लड़की को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। लड़की ने अपने सहपाठी राजदीप रॉय पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। आनंदपुर पुलिस ने पीड़िता के सहपाठी को गिरफ्तार कर लिया।

## मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने न्यूजीलैंड में नए शो-रूम का शुभारंभ किया

**कोलकाता, समाज्ञा**

मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने न्यूजीलैंड में अपने कारोबार के विस्तार की गर्व के साथ घोषणा की है। न्यूजीलैंड में कंपनी के पहले शो-रूम का शुभारंभ ऑकलैंड के बॉटनी टाउन सेंटरमें किया गया।

नए शो-रूम का उद्घाटन ब्रांड के अंतरराष्ट्रीय विस्तार योजना के परिप्रेक्ष्य में एक अहम मील का पत्थर है, जिससे 14 देशों में असाधारण शिल्पकला और सेवा उपलब्ध कराते हुए कंपनी की मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित होती है।

नए शो-रूम का उद्घाटन न्यूजीलैंड के इमरजेंसी मैनेजमेंट, पुलिस, स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन मंत्री मार्क मिशेल ने किया। इस अवसर पर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के इंटरनेशनल ऑपरेशंस के वाइस चेयरमैन के.पी. अब्दुल सलाम, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के इंटरनेशनल ऑपरेशंसके प्रबंध निदेशक (एमडी) शामलाल अहमद उपस्थित रहे।

इस शानदार मौके पर अपने बयान में मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम.पी. अहमद ने कहा, ब्रांड की वैश्विक विस्तार योजना में यह ऐतिहासिक छलांग है क्योंकि इस तरह कंपनी ने 14वें देश में अपने कारोबार का विस्तार किया है।

## बर्दवान में सड़क पर युवतियों के सामने अश्लील इशारे करने वाला युवक गिरफ्तार

**बर्दवान :** बर्दवान शहर में सड़क पर युवतियों के सामने अश्लील हरकत करने वाले युवक को आखिरकार मंगलवार की सुबह पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम संतोष विश्वास (36) है। वह बर्दवान शहर के बड़ा नीलपुर इलाके का निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना बर्दवान के विवेकानंद कॉलेज मोड़ इलाके में घटी थी। गुरुवार की शाम चार युवतियां एक टोटो में सवार होकर जा रही थीं, तभी एक बाइक सवार युवक ने उनके सामने गुप्तांग दिखाकर अश्लील इशारे किए। आरोपित ने चेहरा ढकने के लिए मास्क पहन रखा था ताकि पहचान छिपा सके, लेकिन वह नाकाम रहा। एक युवती ने सोशल मीडिया पर आरोपित की पहचान बाबू विश्वास के



रूप में की और पूरी घटना का वीडियो भी साझा किया, जो तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद बर्दवान साइबर थाना पुलिस ने जांच शुरू की। करीब साढ़े तीन दिन की जांच के बाद मंगलवार की सुबह पुलिस ने आरोपित के घर पर छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इलाके के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिससे आरोपित की पहचान संभव हुई। बाद में, गवाहों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। मंगलवार को आरोपित को बर्दवान अदालत में पेश किया गया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि युवक ने यह घिनौनी हरकत किस मकसद से की और क्या उसने पहले भी ऐसे कृत्य किए हैं।

## निकॉन ने ब्रॉडकास्ट इंडिया शो 2025 में पेश किया निकॉन जेडआर सिनेमा कैमरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** जापान की 100% स्वामित्व वाली निकॉन इंडिया प्रा.लि. ने ब्रॉडकास्ट इंडिया शो 2025 में अपना नवीनतम निकॉन जेडआर सिनेमा कैमरा पेश किया। यह फुल-फ्रेम सेंसर कैमरा कंपनी की जेड सिनेमा सीरीज का हिस्सा है और रेड डिजिटल सिनेमा के सहयोग से विकसित किया गया है। निकॉन जेडआर में 6के रॉ आर3डी एनई1 रिकॉर्डिंग, रेड-क्यूरेटेड कलर साइंस, 32-बिट फ्लोट ओजो ऑडियो और प्रोफेशनल टूल्स जैसे वेवफॉर्म, हिस्टोग्राम, एलयूटी मॉनिटरिंग उपलब्ध हैं। केवल 540 ग्राम वजन वाला यह कॉम्पैक्ट कैमरा डस्ट-एंड-ड्रिप रेजिस्टेंट बॉडी के साथ हाई-एंड सिनेमैटिक आउटपुट देता है। निकॉन इंडिया के प्रबंध निदेशक सज्जन कुमार ने कहा, जेडआर सिर्फ एक कैमरा नहीं, बल्कि सिनेमैटिक स्टोरीटेलिंग में क्रांति है। कैमरा भारत में 16 अक्टूबर 2025 से 1,86,995 में उपलब्ध होगा।

## हावड़ा डिवीजन ने चलाया एकल-उपयोग प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता अभियान



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत एक जागरूकता अभियान आयोजित किया, जिसका उद्देश्य एकल-उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था। यह अभियान यात्रियों, रेलवे कर्मचारियों और विक्रेताओं में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित किया गया। अभियान के तहत हावड़ा डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर पोस्टर, घोषणाएं और यात्रियों के साथ संवाद के माध्यम से एकल-उपयोग प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई और यात्रियों को स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अभियान का मुख्य विषय सिंगल यूज प्लास्टिक नहीं है, जो भारतीय रेलवे की स्वच्छ और हरित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हावड़ा डिवीजन नियमित सफाई अभियानों और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से स्वच्छ भारत अभियान में सक्रिय योगदान दे रहा है।

## भाजपा नेता अर्जुन सिंह को हाई कोर्ट से राहत, 10 नवंबर तक कार्रवाई पर रोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता व पूर्व सांसद अर्जुन सिंह को मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। न्यायमूर्ति शम्पा दत्त पाल की पीठ ने उनके खिलाफ दर्ज कई एफ़आईआरों पर 10 नवंबर तक किसी भी तरह की कार्रवाई पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। अदालत में इस मामले पर लम्बी सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया गया। बता दें कि अर्जुन सिंह ने हाल ही में अपने खिलाफ दर्ज एफ़आईआरों को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। तृणमूल कांग्रेस सांसद पार्थ भौमिक द्वारा यह आरोप लगाए जाने के बाद कि अर्जुन सिंह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हत्या की साजिश रच रहे हैं। इसके अतिरिक्त, सिंह के उस बयान ने भी राजनीतिक हलचल तेज कर दी जिसमें उन्होंने कहा था कि नेपाल की तरह बंगाल में भी भ्रष्टाचार के खिलाफ जनआंदोलन की आवश्यकता है। इन बयानों के बाद अर्जुन सिंह के खिलाफ 10 से अधिक एफआईआर दर्ज की गईं।

## बारुइपुर में युवक की नृशंस हत्या मामले में जीजा समेत चार गिरफ्तार

**❏ व्यावसायिक हिंसा के कारण साले की हत्या, एकादशी के दिन मिला था शव**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बारुइपुर के बेगमपुर में शांता मंडल नामक एक युवक की नृशंस हत्या के मामले में मुख्य सरगना समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी का नाम देवब्रत पात्रा है। वह बारुइपुर के बेलेगाछी का निवासी है और रिश्ते में मृतक का जीजा है। अन्य आरोपियों के नाम मिनाजुल पाइक, जसीमुद्दीन लस्कर और ऑटो चालक हफीजुल मोल्ला शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शांता मंडल बेंगलुरु में गांजे के धंधे से जुड़ा था। बड़ा धंधा, सोने की चेन और पैसे की ताकत – ये सब जीजा देवब्रत के लिए ईर्ष्या का कारण बन गया। क्योंकि, वह बेंगलुरु में फूड डिलीवरी का काम करता था, लेकिन उसका धंधा पूरी तरह से बर्बाद हो गया था। असफलता की निराशा और अपने रिश्तेदार की सफलता के मेल ने देवब्रत को हताश कर दिया। इसके बाद, उसके हत्या की योजना बनाई गई। दुर्गा पूजा के दशमी के दिन देबब्रत ने शांता को फोन किया। हफीजुल उसे अपने ऑटो में ले गया। उसके साथ मिनाजुल और जसीमुद्दीन भी थे। सबसे पहले सभी बासंती में मिले। वहां उन्होंने शराब पी और योजना को अंतिम रूप दिया। देर रात शांता को वापस बेगमपुर सत कॉलोनी के एक सुनसान इलाके में ले गए। वहां उसने उसे फिर से शराब पिलाई और अचानक उस पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। शांता की गला रेतकर हत्या कर दी गई। एकादशी के दिन उसका रक्तरंजित शव सड़क किनारे पड़ा मिला। जांच के दौरान पुलिस के हाथ सबूत लगे। चारों को गिरफ्तार कर लिया गया। हत्या का ऑटो जब्त कर लिया गया। उस चाकू की तलाश अभी भी जारी है, जिसे आरोपी देबब्रत ने हत्या के लिए विशेष रूप से एक लोहार से खरीदा था।

## विश्व हृदय दिवस: दिल की पहली दवा है सही पोषण

**कोलकाता :** अपोलो हॉस्पिटल, कोलकाता के सीनियर कंसल्टेंट स्ट्रक्चरल एवं इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुमंतो मुखोपाध्याय (एमडी, एमआरसीपी, डीएम कार्डियोलॉजी) ने कहा: विश्व हृदय दिवस के मौके पर कोलकाता के डॉक्टर नागरिकों से अपील कर रहे हैं कि वे अपनी थाली पर गहराई से नज़र डालें। एक ऐसे शहर में जहाँ गाढ़े करी, तली-भुनी चीज़ें और मीठे पकवान रोज़ाना के भोजन का हिस्सा हैं, हृदय रोग विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि पोषण ही स्वस्थ दिल और शुरुआती बीमारी के बीच का फर्क तय कर सकता है। पश्चिम बंगाल में बढ़ते उच्च रक्तचाप, डायबिटीज़ और मोटापे के मामलों ने संतुलित और पौष्टिक भोजन की ज़रूरत को पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है।

## वर्ल्ड हार्ट डे: व्यायाम और योग ही कोलकाता के दिल की सेहत की कुंजी

**कोलकाता :** कोलकाता मेडिकल कॉलेज के कार्डियोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अर्नब दत्ता (एमडी, डीएम – कार्डियोलॉजी) ने बताया, वर्ल्ड हार्ट डे के मौके पर शहर के डॉक्टर नागरिकों से अपील कर रहे हैं कि वे व्यायाम और योग को अपनी दिनचर्या का अहम हिस्सा बनाएं। तेज़ रफ्तार जीवनशैली, जंक फूड, लंबे कार्य घंटे और लगातार बैठे रहने की आदत ने कोलकाता में दिल की बीमारियों का ख़तरा बढ़ा दिया है। विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि अगर अभी से रोकथाम पर ध्यान नहीं दिया गया तो कोलकाता भी अन्य महानगरों की तरह हृदय रोग संकट का सामना करेगा। चिकित्सकों के अनुसार शारीरिक निष्क्रियता उच्च रक्तचाप, मोटापा, डायबिटीज़ और शुरुआती हृदय समस्याओं के प्रमुख कारणों में से एक है। शोध बताते हैं कि रोज़ाना केवल 30 मिनट की शारीरिक गतिविधि से हृदय रोग का ख़तरा 50% तक घट सकता है। लेकिन शहर की शहरी जीवनशैली में व्यायाम की अनदेखी और तनाव का स्तर दोनों ही बढ़े हुए हैं। ऐसे में योग एक दोहरा लाभ देता है – यह दिल को मज़बूत करने के साथ-साथ मन को भी शांत करता है।

## कांचरापाड़ा वर्कशॉप में स्वच्छता पखवाड़ा और स्पेशल अभियान 5.0 का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वच्छता पखवाड़ा अभियान और स्पेशल अभियान 5.0 के अंतर्गत, पूर्व रेलवे की कांचरापाड़ा वर्कशॉप ने मंगलवार को एक स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित की। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों और छात्रों के बीच स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में



विभिन्न स्वच्छता-केंद्रित गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनके माध्यम से प्रतिभागियों को साफ-सुथरे और स्वस्थ कार्यस्थल के निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह पहल रेलवे समुदाय में सामूहिक जिम्मेदारी और स्वच्छता की संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व को उजागर करती है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों की उत्साही भागीदारी देखी गई, जो कांचरापाड़ा वर्कशॉप की स्वच्छ भारत के दृष्टिकोण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## परम पूज्य 108 आचार्य श्री 108 प्रमुख सागर जी महाराज की 25वीं रजत दीक्षा जयंती समारोह

**कोलकाता, समाज्ञा :** परम पूज्य 108 आचार्य श्री 108 प्रमुख सागर जी महाराज की 25वीं रजत दीक्षा जयन्ती समारोह के अवसर पर श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा पश्चिम बंगाल शाखा की ओर से 12 अक्टूबर 2025 को कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम मंच पर चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन, गुरू पूजा, शास्त्र भेंट, तीर्थ संरक्षिणी महासभा के पदाधिकारी राजकुमार जैन सेठी, राष्ट्रीय महामंत्री, पश्चिम बंगाल शाखा के अध्यक्ष निर्मल पुष्पा बिन्दायक्या, कार्याध्यक्ष सुनील पहाड़िया, महामंत्री मनीष गंगवाल, कोषाध्यक्ष मनोज कासलीवाल, पुरातत्व संयोजक दिनेश गंगवाल, सहमंत्री अमित सेठी, प्रचार मंत्री विजय सरावगी कार्यकारिणी सदस्य राजीव दगड़ा, विकास कासलीवाल एवं उपस्थित गणमान्य महानुभावों के



सहयोग से किया गया। इस अवसर पर भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा पश्चिम बंगाल की ओर से 25 शूद्र जल त्यागियों, 25 सम्मेदशिखर की तीर्थ वन्दना करने वालों का एवं मंदिर में नियमित रूप से सर्वाधिक पू-जापाठ करने वाला का सम्मान किया गया। कुल 83 लोगों का सम्मान हुआ। स्वागत भाषण तीर्थ संरिक्षणी महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री राजकुमार जैन सेठी ने दिया एवं आभार प्रदर्शन निर्मल पुष्पा बिन्दायक्या, अध्यक्ष, पश्चिम बंगाल द्वारा किया गया।

दूसरे सत्र के दौरान तीर्थ संरक्षिणी महासभा के शिरोमणि संरक्षक श्री धर्मेन्द्र जैन सेठी द्वारा तीर्थ संरक्षिणी महासभा द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका माह सितम्बर 2025 का विमोचन किया गया। तत्पश्चात तीर्थ संरक्षिणी महासभा पश्चिम बंगाल द्वारा आयोजित महासभा करे पुकार नामक नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। नृत्य नाटिका का निर्देशन हीरामणी छाबड़ा ने किया लेखन का कार्य सुनीता बैनाड़ा एवं नाटक का डाइरेक्शन प्रीती सोगानी द्वारा किया गया। जिसमें पुरुलिया (पश्चिम बंगाल) के प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार की जानकारी नाटक के रूप में प्रस्तुत की गयी। करीब 60 से ज्यादा समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। पूरा हाल खचाखच भरा हुआ था। उपस्थित गणमान्य महानुभावों ने आयोजित कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

तीसरे सत्र का प्रारम्भ गुरू भक्ति एवं आरती के साथ प्रारम्भ हुआ जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. निर्मल कुमार सेठी की स्मृति में उनके जीवनवृत्त की जानकारी राजकुमार जैन सेठी, महामंत्री एवं उपाध्यक्ष अशोक चूड़ीवाल बरपेटा द्वारा दी गयी। धर्मेंद्र जैन सेठी ने अपने पूज्य पिताजी द्वारा प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार के प्रति समर्पित जीवन की जानकारी दी और जीर्णोद्धार के कार्य में पूर्णरूप से हर तरह का सहयोग देने की स्वीकृति प्रदान की। राजमल जैन कोठारी द्वारा ईशरो की वैज्ञानिक जैन धर्म और विज्ञान पर लिखित पुस्तक श्रमण संस्कृति की खोज जिसका प्रकाशन सेठी ट्रस्ट द्वारा किया गया का विमोचन अरुणांचल प्रदेश के ग्रामीण विकास और पंचायती राजमंत्री ओजिंग तासिंग ने किया। तत्पश्चात राजमल जैन कोठारी द्वारा जैन धर्म की प्राचीनता, दक्षिण अमेरिका में श्रमण संस्कृति का इतिहास और धरोहरों के साक्ष्य पर करीब 1 घंटे का व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। जिसे उपस्थित जन समुदाय ने मंत्र मुग्ध होकर सुना।

परम पूज्य आचार्य श्री 108 प्रमुख सागर जी महाराज ने महासभा को पूर्णरूपेन आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर प्रदीप जैन ईटानगर वालों ने एक मंदिर जीर्णोद्धार के लिये राशि प्रदान करने की घोषणा के साथ जिन-जिन प्रांतों में तीर्थ संरक्षिणी महासभा द्वारा मंदिरों का जीर्णोद्धार होगा उस मंदिर में यदि मार्बल लगता है तो वह निःशुल्क प्रदान करने की घोषणा की। एक-एक लाख रुपये की 2 स्वीकृतियां प्राप्त हुयीं। उपस्थित सभी लोगों ने आयोजित कार्यक्रम की भरपूर सरहाना की। ये जानकारी पुरातत्व संयोजक दिनेश गंगवाल ने प्रदान की। प्रचार मंत्री विजय सरावगी हैं।

# गंगासागर मेला 2026 की तैयारी शुरू, सागर में हुई पहली प्रशासनिक बैठक




**गंगासागर :** 8 जनवरी 2026 से शुरू होने जा रहा है प्रसिद्ध गंगासागर मेला। देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को ध्यान में रखते हुए दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन ने तैयारियों में तेजी ला दी है। इसी क्रम में मंगलवार को गंगासागर मेला कार्यालय में आगामी गंगासागर मेला 2026 की पहली महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक की अध्यक्षता दक्षिण 24 परगना के जिलाधिकारी सुमित गुप्ता ने की। बैठक में मथुरापुर लोकसभा के सांसद बापी हलदार, सुंदरवन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा, जीबीडीए चेयरमैन सीमांत कुमार माली, सुंदरवन पुलिस जिले के एसपी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मेला सुरक्षा, परिवहन व्यवस्था, जनस्वास्थ्य, भीड़ नियंत्रण, आवास व्यवस्था और तटीय सुरक्षा जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिलाधिकारी सुमित गुप्ता ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, मौसम और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाएगा। आने वाले दिनों में उच्चस्तरीय बैठकों का आयोजन होगा ताकि इस वर्ष का मेला और भी सुव्यवस्थित और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सके।

बैठक के बाद जिलाधिकारी और अन्य अधिकारी सागरद्वीप के समुद्र तट का निरीक्षण करने पहुंचे। हाल ही में तटीय क्षेत्रों में नदी कटाव की समस्या बढ़ी है, जिसे लेकर अधिकारियों ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि कटाव रोकने के लिए त्वरित कदम उठाए जाएंगे ताकि मेले की तैयारियों में कोई बाधा न आए।

सुंदरवन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा ने कहा, गंगासागर मेला बंगाल की गौरवशाली परंपरा है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार हर संभव सहायता प्रदान करेगी। कटाव रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

जनवरी 8 से आरंभ होने वाले इस ऐतिहासिक मेले को सफल बनाने के लिए प्रशासन ने अब से ही व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। अधिकारियों का संदेश स्पष्ट है – इस बार का गंगासागर मेला और भी भव्य, सुरक्षित और सुसंगठित होगा।

## ई-रिक्शा पंजीकरण : शुभेंदु अधिकारी ने मालिकों से राज्य की ओर से तय शुल्क न देने को कहा




**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को ई-रिक्शा मालिकों से आह्वान किया कि वे अपने तिपहिया वाहनों के पंजीकरण के लिए राज्य सरकार को एक पैसा भी न दें। भाजपा नेता ने राज्य सरकार द्वारा निर्धारित राशि को 'गरीबों के लिए बहुत अधिक' करार दिया। इस दिन, शुभेंदु अधिकारी ने साल्टलेक स्थित भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार पांच लाख से अधिक ई-रिक्शा (स्थानीय रूप से टोटो कहा जाता है) मालिकों को एकमुश्त पंजीकरण शुल्क के रूप में 1,000 रुपये और मासिक कर के रूप में 100 रुपये देने को कहकर उन्हें लूटने की कोशिश कर रही है। विपक्ष के नेता ने यह भी दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रशासन का यह कदम अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले धन इकट्ठा करने के उद्देश्य से उठाया गया कदम है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राज्य में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) और लोक सेवा आयोग (पीएससी) में बड़ी संख्या में स्थायी पदों को समाप्त करने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में मौजूदा निराशाजनक रोजगार परिदृश्य ने शिक्षित युवाओं को ई-रिक्शा चालक के रूप में नौकरी करने के लिए मजबूर किया है।

## राज्य में टोटो नियंत्रण कड़ा, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू - पहले दिन 250 आवेदन



**कोलकाता :** राज्य सरकार ने टोटो सेवाओं को नियंत्रित करने के लिए नई रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की है। परिवहन विभाग ने सभी टोटो वाहनों को अस्थायी एनरोलमेंट नंबर देने का निर्णय लिया है। प्रत्येक टोटो पर क्यूआर कोड वाले स्टिकर लगाए जाएंगे। यह प्रक्रिया सोमवार से शुरू हुई और पहले दिन ही 250 टोटो चालकों/मालिकों ने ऑनलाइन आवेदन किया, बताया गया। आवेदन प्रक्रिया 30 नवंबर तक जारी रहेगी। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, अभी यह प्रक्रिया शुरू ही हुई है और कई लोग इसे अब तक नहीं जानते हैं। 30 नवंबर के बाद बिना एनरोलमेंट नंबर वाले टोटो को सड़कों पर चलाने की अनुमति नहीं होगी। टोटो चालकों को एक हजार रुपये शुल्क देकर अस्थायी एनरोलमेंट नंबर प्राप्त होगा, जिसमें क्यूआर कोड शामिल होगा। इस नंबर वाले स्टिकर को टोटो पर लगाना अनिवार्य होगा। विभाग ने राज्य के सभी आरटीओ कार्यालयों और बंगला सहायता केंद्रों में इस प्रक्रिया के लिए सहायता कैम्प की व्यवस्था की है और केंद्रों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कदम राज्य में टोटो सेवाओं को व्यवस्थित करने और अनियंत्रित संचालन रोकने के लिए उठाया गया है।

## दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म : हाई कोर्ट ने भाजपा को प्रदर्शन की अनुमति दी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को दुर्गापुर पुलिस को निर्देश दिया कि वह आसनसोल-दुर्गापुर विकास प्राधिकरण के कार्यालय के सामने भाजपा को प्रदर्शन करने की अनुमति दे। बता दें कि भाजपा एक मेडिकल छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर प्रदर्शन कर रही है। याचिकाकर्ता ने राज्य पुलिस को निर्देश देने का अनुरोध किया कि वह राज्य में विपक्षी दल को 19 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक प्रदर्शन की अनुमति प्रदान करे। याचिकाकर्ता ने अदालत के समक्ष कहा कि संबंधित अधिकारियों ने प्रदर्शन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रदान कर दिया है, लेकिन पुलिस ने अभी तक इसके लिए अनुमति नहीं दी है। न्यायमूर्ति शम्पा दत्त (पॉल) ने याचिका का निस्तारण करते हुए पुलिस प्राधिकारी को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता द्वारा दुर्गापुर पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी के समक्ष एनओसी की प्रतियां दाखिल करने पर वह 'तदनुसार कार्रवाई' करें।

## भारत की अर्थव्य वस्थी, बाजारों ने दिखाई मजबूती : पीएल कैपिटल

**कोलकाता :** पीएल कैपिटल की नई भारत रणनीति रिपोर्ट होल्डिंग स्टेडी इन ग्लोबल हेडविंड्स में बताया गया है कि वैश्विक चुनौतियों जैसे बढ़े हुए अमेरिकी टैरिफ, एच-1बी वीजा शुल्क में वृद्धि और भू-राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद, भारत की अर्थव्यवस्था और इक्विटी बाजार बेहतरीन लचीलापन दिखा रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि सामान्य मानसून, ब्याज दरों में 1% की कटौती, जीएसटी दरों में बदलाव और वित्त वर्ष 2026 के बजट में टैक्स कम करने की घोषणा के कारण अब खपत (उपभोग) बढ़ने के लिए बिल्कुपल अनुकूल माहौल है। जीएसटी 2.0 लागू होने से वैश्विक टैरिफ का असर कम होगा। साथ ही, 2026 में आठवें वेतन आयोग के लागू होने से लोगों के खर्च को और बढ़ावा मिलेगा, जिससे वित्त वर्ष 2027 तक अर्थव्यवस्था की रफ्तार बनी रहेगी। रिपोर्ट के अनुसार, 22 सितंबर से उपभोक्ता मांग में तेज उछाल आया है, जो ऑटो और अन्य गैर-जरूरी सामान की बिक्री में साफ दिख रहा है।


**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-20सी-24, दिनांक 09.10.2025; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-20सी-24 के तहत निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैं, बंद होने की तारीख/समय 04.11.2025 को 15.00 बजे। **कार्य का नाम साथ में उसका स्थानः** हावड़ा के झील साइडिंग कोचिंग डिपो में ट्रेन सेट रखरखाव सुविधा की स्थापना के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 3,57,83,331.20; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 3,28,900; **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **कार्य समापन अवधिः** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 24 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 04.11.2025 को 15.00 बजे। **निविदा खोला जानाः** निविदा बंद होने के उपरांत किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदा के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

(HWH-342/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा के लिए संक्षिप्त निविदा सूचना सं.: 03एचडब्ल्यूएचसीओएन॥ऑफ2025-26 [निविदा सं. 03एचडब्ल्यूएचसीओएन॥ऑफ2025-26 (दो पैकेट प्रणाली में खुली निविदा)], दिनांक 13.10.2025; उप मुख्य अभियंता/निर्माण/II, पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकलघाट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए समुचित अनुभव, वित्तीय दक्षता एवं पर्याप्त एवं अपेक्षित संसाधन एवं अनुभव रखने वाले ख्यातिप्राप्त ठेकेदारों से ई-निविदा के लिए खुली निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** लिलुआ वर्कशॉप, पूर्व रेलवे में ईएमयू कोच के पीओएच के लिए पिट के प्रावधान के साथ रोड सह रेल ट्रैक का निर्माण एवं एल-शॉप बे III एवं बे IV के क्रेन गर्डर का मजबूतीकरण, आईसीएफ बे के निर्माण जैसे विभिन्न बुनियादी विकास कार्य। **अनुमानित मूल्यः** रु. 31,08,33,604.68; **बयाना राशिः** रु. 17,04,200/-; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** 10 महीने; **खुलने की तारीखः** 11.11.2025। विस्तृत निविदा सूचना, दस्तावेज तथा समय-समय पर जारी संशोधनी के साथ आवश्यक पात्रता के मानदंड वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (CON-47/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**सियालदह मंडल के तहत एसी ईएमयू लोकल ट्रेनों के अतिरिक्त प्रायोगिक ठहरावों का विस्तार**

यात्रियों की सुविधा के लिए, दिनांक 15.10.2025 से **एक और महीने** के लिए, 33762 **रानाघाट-बनगाँव-सियालदह** और 33761 **सियालदह-बनगाँव-रानाघाट एसी ईएमयू लोकल ट्रेनें** प्रायोगिक आधार पर **बिराटी, बीरा, अशोकनगर रोड, मछलंदपुर** और **चांदपाड़ा** स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान करना जारी रखेंगी तथा 31638 **रानाघाट-सियालदह** और 31637 **सियालदह-रानाघाट एसी ईएमयू लोकल ट्रेनें** प्रायोगिक आधार पर **बेलघड़िया** और **श्यामनगर** स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान करना जारी रखेंगी।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**सियालदह मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति**

आवेदन आमंत्रण सूचना

**सूचना सं. : सीडब्ल्यू/एसटीबीए/बीटीवाई-एमजीएम-डीएचयू/2025 दिनांक: 13.10.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह द्वारा सियालदह मंडल के तहत बेथुआडहरी (एनएसजी-5 श्रेणी), मुड़ागाछा (एनएसजी-6 श्रेणी) और धुबुलिया (एनएसजी-6 श्रेणी) रेलवे स्टेशनों पर 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए प्रत्येक में 01 (एक) स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति के लिए मुहरबंद आवेदन आमंत्रित किया जाता है। **कार्य का विवरण एवं पात्रता मानदंडः** एनआईए कागजात/फॉर्म में विस्तार से वर्णित है।

एनआईए कागजात/फॉर्म की अप्रतिदेय लागत के लिए उप एसएम (वाणिज्य), सियालदह स्टेशन या मुख्य कोषाध्यक्ष, पूर्व रेलवे, कोलकाता द्वारा जारी रु.1000/- (जीएसटी अतिरिक्त) की राशि रसीद प्रस्तुत करने पर एनआईए कागजात/फॉर्म प्राप्त किया जा सकता है। एनआईए कागजात/फॉर्म पूर्व रेलवे की वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** पर भी डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध है। ऐसे प्रारूप में किया गया आवेदन केवल तभी वैध माना जाएगा जब एनआईए कागजातों के साथ एनआईए फॉर्म की लागत के रूप में बोलीदाता एफए एंड सीएओ, पूर्व रेलवे, कोलकाता के पक्ष में भारत के किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक (एनआईए फॉर्म की लागत के रूप में अप्रतिदेय) जमा करेंगे। **बयाना राशिः** एनएसजी-5 श्रेणी के स्टेशन (अर्थात बेथुआडहरी के लिए) रु.5000/- और एनएसजी-6 श्रेणी के स्टेशन (अर्थात मुड़ागाछा, धुबुलिया के लिए) रु.2000/-की बयाना राशि भारत के किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफए एंड सीएओ, पूर्व रेलवे, कोलकाता के पक्ष में देय बैंकर्स चेक/बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा की जाएगी जो एनआईए फॉर्म के साथ संलग्न रहे। इस संबंध में जमा बयाना राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। बगैर बयाना राशि या कम बयाना राशि वाले आवेदनों को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। **एनआईए कागजात/फॉर्म को खरीदने और जमा करने का स्थानः** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग (कमरा नं. 44), 16, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता - 700014, **एनआईए कागजात/फॉर्म की बिक्री/डाउनलोड करने की तिथिः** दिनांक 17.10.2025 से 06.11.2025 तक 11.00 बजे से 16.00 बजे के बीच प्रत्येक कार्य दिवस को एवं दिनांक 07.11.2025 को 11.00 बजे से 13.00 बजे के बीच। **एनआईए कागजात/फॉर्म जमा करने की तिथिः** दिनांक 17.10.2025 से 06.11.2025 तक 11.00 बजे से 16.00 बजे के बीच प्रत्येक कार्य दिवस को और दिनांक 07.11.2025 को 11.00 बजे से 14.00 बजे के बीच। दिनांक 07.11.2025 को 14.00 बजे के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। **एनआईए बॉक्स खोलने की तिथिः** दिनांक 07.11.2025 को 15.00 बजे। **नोटिस बोर्ड का स्थान और वेबसाइट का विवरण जहाँ एनआईए का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, सियालदह और पूर्व रेलवे की वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## 'बंगाल प्रशासन से किसी ने संपर्क नहीं साधा, ओडिशा सरकार ने बढ़ाया मदद का हाथ'

### दुर्गापुर दुष्कर्म पीड़िता के पिता का छलका दर्द



**दुर्गापुर :** दुर्गापुर दुष्कर्म पीड़िता के पिता ने मंगलवार को नाराजगी जताते हुए कहा कि इस दर्दनाक घटना के बाद भी राज्य प्रशासन की ओर से कोई अधिकारी उनसे मिलने या हालचाल लेने नहीं आया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दी जाए, ताकि आगे कोई ऐसी घटना न हो। लेकिन अब तक प्रशासन का कोई प्रतिनिधि मुझसे मिलने नहीं आया। मुझे राज्य की मुख्यमंत्री पर भरोसा नहीं है। मेरे राज्य ओडिशा के सभी एसपी और डीएसपी मुझसे संपर्क कर रहे हैं। मैंने ओडिशा के मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि मेरी बेटी को यहां से स्थानांतरित कर भुवनेश्वर में भर्ती कराया जाए। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने मंगलवार को पीड़िता की मां से फोन पर बात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में ओडिशा सरकार परिवार के साथ है। उन्होंने पीड़िता की शारीरिक स्थिति की जानकारी भी ली। बता दें कि गत सोमवार को ओडिशा महिला आयोग की दो सदस्यीय टीम ने दुर्गापुर पहुंचकर पीड़िता से मुलाकात की थी।

## तीन माह से वेतन बंद, हावड़ा के संविदा शिक्षक ने शुरू किया धरना

❑ **प्रशासनिक उदासीनता से आहत होकर शिक्षक ने जीवन त्याग की चेतावनी दी**



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के जगाच्छा सर्किल अंतर्गत गरपा प्राइमरी स्कूल के संविदा शिक्षक राममोहन शील ने प्रशासन की अनदेखी से तंग आकर सोमवार को बक्साड़ा एसआई कार्यालय के सामने धरना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि वर्ष 2008 से लगातार सेवा दे रहे राममोहन शील को अगस्त माह से अब तक वेतन नहीं मिला है।

शिक्षक ने बताया कि उन्होंने इस मामले की जानकारी कई बार संबंधित विभागों, जिला शिक्षा कार्यालय, यहां तक कि राज्य के शिक्षा मंत्री और जिलाधिकारी तक को दी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। अंततः उन्होंने स्वेच्छा से मृत्यु की घोषणा करते हुए आंदोलन का रास्ता चुना।

राममोहन शील का कहना है कि उन्हें यह तक नहीं बताया गया कि उनकी क्या गलती है, जबकि बिना किसी कारण पिछले तीन महीनों से उनका वेतन रोक दिया गया है। इस कारण से वे अपने दो बच्चों, पत्नी और वृद्ध माता-पिता के साथ परिवार का खर्च चलाने में असमर्थ हो गए हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब शिक्षक लगातार सेवा दे रहे हैं, तो उनका हक क्यों छीना जा रहा है?

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में शिक्षकों के आंदोलन अब आम हो गए हैं। लगातार विभिन्न जिलों से पैराटीचरों और अतिथि शिक्षकों के वेतन रोकने की शिकायतें सामने आ रही हैं। हावड़ा में सामने आया यह मामला एक बार फिर शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल खड़े करता है।


**NAME CHANGE**

I, Rakesh Kumar Singh, S/o. Sri Kapil Deo Singh, Resident- 57, Hossain Shah Road, Kidderpore, P.S.- Ekbalpore, Kolkata-700023, do hereby solemnly affirm and declare before the Ld. 1st Class Judicial Magistrate at Alipore, vide affidavit No. 63125, date- 25/9/2025. That my daughter's actual and correct name is Riddhi Singh. That Riddhi Kumari and Riddhi Singh is one and identical person. Henceforth I shall be known as Riddhi Singh.



**NAME CHANGE**

I, Rakesh Kumar Singh, S/o. Sri Kapil Deo Singh, Resident- 57, Hossain Shah Road, Kidderpore, P.S.- Ekbalpore, Kolkata-700023, do hereby solemnly affirm and declare before the Ld. 1st Class Judicial Magistrate at Alipore, vide affidavit No. 63125, date- 25/9/2025. That my daughter's actual and correct name is Siddhi Singh. That Siddhi Kumari and Siddhi Singh is one and identical person. Henceforth I shall be known as Siddhi Singh.



**NAME CHANGE**

I, Agha Mohd Sabir, s/o.- Lt. Md. Yasin, R/O- 50, Topsia Road, Tiljala, Kol-39, WB declare that shall henceforth be known as from Mohd. Saad to MD Saad before the Notary Public at Sealdah, Dtd. 14.10.2025, Mohd. Saad & MD Saad both are the same and identical person.


## शादी का झांसा देकर बिहार में नाबालिग को बंधक बना किया बेचने का प्रयास, पुलिस ने किया उद्धार



**हावड़ा :** सोशल मीडिया पर हुई पहचान से शुरू हुआ प्रेम एक भयावह अनुभव में बदल गया। दसवीं कक्षा की एक छात्रा को शादी का झांसा देकर बिहार ले जाकर बंधक बना लिया गया और दिल्ली के एक वेश्यालय में बेचने की कोशिश की गई। पुलिस की तत्परता से आखिरकार लड़की को सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार, हावड़ा के सालकिया की रहने वाली छात्रा की पहचान कुछ महीने पहले इंस्टाग्राम पर बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी अविनाश माहात नामक युवक से हुई थी। युवक ने खुद को अविनाश सिंह बताकर लड़की को धोखा दिया। धीरे-धीरे दोनों के बीच नज़दीकियां बढ़ीं और युवक ने शादी का वादा किया। इस वादे पर भरोसा कर लड़की घर से निकल पड़ी और सलकिया से टैक्सी लेकर पहले कोलकाता स्टेशन, फिर दुर्गापुर होते हुए मुजफ्फरपुर पहुंची।

वहां पहुंचने के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई। लड़की को मिट्टी के घर में बंद कर दिया गया, ठीक से खाना नहीं दिया जाता था और उस पर अत्याचार किया जाता था। बाद में उसे दिल्ली ले जाकर एक वेश्यालय में बेचने की कोशिश की गई।

इस बीच लड़की के पिता ने मालिपांचघड़ा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने कई सुरागों के आधार पर खोजबीन शुरू की। अंततः लड़की ने किसी तरह घर पर फोन कर अपनी स्थिति बताई। उसी फोन कॉल के आधार पर पुलिस ने उसे बिहार से बरामद किया।

हालांकि लड़की और उसके परिवार को अब भी धमकी भरे फोन और संदेश मिल रहे हैं। पुलिस ने आरोपी अविनाश सिंह के खिलाफ अपहरण और मानव तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज किया है। पीड़िता को अदालत में पेश करने की प्रक्रिया जारी है।

## भाजपा का 'ऑपरेशन लाल मिर्च', आत्मरक्षा के लिए साल्टलेक में महिलाओं को बांटा लाल मिर्च पाउडर

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था के बीच महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए लाल मिर्च पाउडर वितरित किया। यह कदम हाल ही में दुर्गापुर में एक मेडिकल छात्रा से हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद उठाया गया है। भाजपा का यह अभियान साल्टलेक के एक मेट्रो स्टेशन के पास शुरू हुआ, जिसे 'ऑपरेशन लाल मिर्च' का नाम दिया गया है। पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने यहां महिला यात्रियों को लाल मिर्च पाउडर से भरे पैकेट बांटे और बताया कि ये आत्मरक्षा के लिए हैं। एक महिला भाजपा कार्यकर्ता ने कहा कि हम ये पैकेट माताओं और बहनों को वितरित कर रहे हैं ताकि वे अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। संदेश सरल है – हमें अपनी सुरक्षा स्वयं करनी है और यदि आवश्यक हो तो लाल मिर्च पाउडर और 'पेप्पर' स्प्रे का उपयोग करना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री की वह टिप्पणी, जिसमें उन्होंने महिलाओं से देर रात बाहर न निकलने को कहा था, राज्य सरकार की महिला सुरक्षा में नाकामी को दिखाती है। एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा कि 2025 में हम यह विचार स्वीकार नहीं कर सकते कि महिलाओं को देर रात तक बाहर नहीं जाना चाहिए। एक महिला आईटी कर्मचारी ने कहा, 'स्थिति वाकई चिंताजनक है। अगर एक महिला मुख्यमंत्री यह सुझाव दे रही हैं कि महिलाओं को देर रात तक बाहर नहीं निकलना चाहिए तो हम कैसे काम करेंगे? मेरे कार्यालय का समय रात 10.30 बजे तक बढ़ जाता है मुझे क्या करना चाहिए? ऐसे में मुख्यमंत्री को घर से काम करने की व्यवस्था करनी चाहिए।

## मिंटो पार्क में डेटिंग ऐप रैकेट का भंडाफोड़, 17 गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मिंटो पार्क क्षेत्र से संचालित एक डेटिंग ऐप आधारित ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 16 महिलाएं शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह गिरोह एक डेटिंग एप्लिकेशन के माध्यम से परिचय कर, लोगों को संगति का प्रलोभन देकर बड़ी धनराशि ठगने का काम कर रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी पीड़ितों को भावनात्मक रूप से फंसाकर उनसे भारी रकम वसूलते थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, स्क्रिप्ट, बैंक संबंधी दस्तावेज, रजिस्टर और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में आगे की जांच जारी है और संभावित रूप से इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## चंदननगर में जगद्धात्री पूजा पर अब नहीं होगी बिजली कटौती, भूमिगत केबल बिछाने का काम पूरा



**हुगली, समाज्ञा :** चंदननगर में आयोजित होने वाली विश्व विख्यात जगद्धात्री पूजा के दौरान इस बार बिजली कटौती की कोई समस्या नहीं होगी। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि पूजा और विसर्जन शोभायात्रा के समय निरंतर बिजली आपूर्ति बनी रहेगी। चंदननगर के रवींद्र भवन में जगद्धात्री पूजा को लेकर हुई प्रशासनिक बैठक में यह आश्वासन दिया गया। बैठक में राज्य के मंत्री इंद्रनील सेन, चंदननगर के पुलिस आयुक्त अमित पी. जावालगी, जिलाशासक मुक्ता आर्य और बिजली विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री इंद्रनील सेन ने बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पूजा से पहले इस नए भूमिगत बिजली परियोजना का औपचारिक उद्घाटन कर सकती हैं। इस वर्ष 10 नवंबर को जगद्धात्री पूजा मनाई जाएगी, जिसके दौरान लाखों श्रद्धालु चंदननगर पहुंचेंगे। तैयारियाँ जोरों पर हैं। बिजली विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक मधुसूदन राय ने बताया कि पिछले दो वर्षों से अंडरग्राउंड केबल बिछाने का काम चल रहा था, जो अब पूरा हो गया है। इसलिए इस बार शोभायात्रा के दौरान बिजली बंद नहीं की जाएगी। निरंतर बिजली सेवा जारी रहेगी। मंत्री इंद्रनील सेन ने कहा कि चंदननगर की जगद्धात्री पूजा की विसर्जन शोभायात्रा विश्व स्तर पर गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि पहले दर्शनार्थियों के ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी, लेकिन अब केएमडीए पार्क में लाइट रिजॉर्ट की व्यवस्था की गई है। पुलिस आयुक्त अमित पी. जावालगी ने बताया कि पूजा और शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। सीसीटीवी और ड्रोन निगरानी बढ़ाई जाएगी, पुलिस बूथों पर वरिष्ठ अधिकारी तैनात रहेंगे और गुप्तचर एवं सादी वर्दी में पुलिस कर्मी भी मौजूद रहेंगे। इस बार की जगद्धात्री पूजा पूरी सुरक्षा और निर्बाध बिजली सेवा के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक 1, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1265-2025-26, दिनांक 10.10.2025, कार्य का विवरणः** बीबीटी: एसएसई/डब्ल्यू/बीटी के अधीन अतिरिक्त यात्री सुविधाओं के लिए पीएफ शेड के नीचे पीएफ बेंच के साथ पीएफ सं. 1 (4 अदद) एवं पीएफ 2/3 (3 अदद) (कुल-7 अदद) पर आईआरएस टाइप अतिरिक्त शेड (16.00 मी x 7.14 मी) एवं (16.00 मी x 9.00 मी) के प्रावधान के साथ अन्य सभी आनुषंगिक कार्यों का निष्पादन। **क्रमांक 2, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1266-2025-26, दिनांक 10.10.2025, कार्य का विवरणः** एसईपी स्टेशन में पैसेंजर केंद्रित सुविधाओं के प्रावधान हेतु प्रस्ताव। **क्रमांक 3, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1271-2025-26, दिनांक 10.10.2025, कार्य का विवरणः** एसएसई/ई/जी/आईसी/सीपी के अधिकार क्षेत्र के अधीन पेय जल एवं फव्वारे के उद्देश्य हेतु सबमर्शिबल पम्प एवं मोटर सेटों का एक वर्ष के लिए चालू मरम्मत अनुबंध। **निविदा मूल्यः** रु. 20,22,681/- (क्रमांक 1 के लिए), रु. 9,29,523/- ((क्रमांक 2 के लिए) एवं एवं रु. 22,63,876/- (क्रमांक 3 के लिए)। **बयाना राशिः** रु. 40,500/- (क्रमांक 1 के लिए), रु. 18,600/- (क्रमांक के 2 लिए) एवं रु. 45,300/- (क्रमांक के 3 लिए)। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** प्रत्येक के लिए शून्य। **समापन अवधिः** 6 महीने (क्रमांक 1 एवं 2 के लिए) तथा 12 महीने (क्रमांक 3 के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** प्रत्येक के लिए 03.11.2025 को 14.00 बजे; **निविदा बोली खुलने की तारीख एवं समयः** प्रत्येक के लिए 03.11.2025 को 14.00 बजे के उपरांत। **निविदा बोली शुरू होने की तारीखः** प्रत्येक के लिए 20.10.2025; निविदा सूचना का विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-227/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.:** एनआईटी/02/25/60, **दिनांक 13.10.2025;** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक, निविदा सं., भंडार का विवरण, ईएमडी** क्रमशः निम्नलिखित हैं:- **निविदा खुलने की तारीखः 10.11.2025, समयः 13.30 बजेः** (1) 21255018, केई2 डिस्ट्रिब्यूटर वॉल्व साथ में प्रेशर ट्रांसफॉर्मर इत्यादि, रु. 1,03,130/-. **निविदा खुलने की तारीखः 29.10.2025, समयः 13.30 बजेः** (2) 14251019, आरडीएसओ/एसपीएन/177/2012 (संस्करण 3) (नवीनतम संस्करण एवं अद्यतन संशोधन, यदि कोई हो, के साथ) के अनुसार सिंगल सेक्शन डिजिटल टाइप एक्सल काउंटर के लिए मॉडम कार्ड की खरीददारी, विनिर्देश (सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लि. के लिए उपयुक्त। निर्माता-एसएसडीएसी फेज रिवर्सल टाइप) इत्यादि, रु. 1,14,980/-। **निविदा खुलने की तारीखः 10.11.2025, समयः 13.30 बजेः** (3) 21251019ए, शैकल लॉक एवं लॉक पिन के साथ स्प्लिट पिन इत्यादि, रु. 1,78,270/-। (4) 21251486, बीओएक्सएनएचएल वैगन इत्यादि के लिए स्ट्रिंगर (इन), रु. 1,85,400/-। **निविदा खुलने की तारीखः 03.11.2025, समयः 13.30 बजेः** (5) 11251501, रबड़ स्प्रिंग, रु. 1,60,060/-। **निविदा खुलने की तारीखः 04.11.2025, समयः 13.30 बजेः** (6) 08251468, 25 केडब्ल्यू ब्रशलेस अल्टरनेटर साथ में रेक्टिफायर सह रेगुलेटर उपकरण, रु. 5,59,090/-। **निविदा खुलने की तारीखः 07.11.2025, समयः 13.30 बजेः** (7) 21255030, उच्च क्षमता ड्राफ्ट गीयर अरेंजमेंट इत्यादि, रु. 2,26,200/-। **निविदा खुलने की तारीखः 10.11.2025, समयः 13.30 बजेः** (8) 14255144, विनिर्देश सं. आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/107/2018 वर्सन 2.1, क्रम सं. 2.3(बी) अथवा अनुच्छेद सं. 5(बी) के अनुसार बिना कीपैड एवं डिसप्ले के बगैर 5 वॉट वीएचएफ डुगुटॉक वॉकी टॉकी सेट की खरीददारी। प्रत्येक सेट में निम्नलिखित शामिल होने चाहिए : सम्पूर्ण रूप से बॉक्स पैकिंग में (1) एक सं. वीएचएफ सेट के साथ अनुकूल बैटरी + बैटरी चार्जर + एंटीना + अनुकूल बेल्ट क्लिप, (2) विनिर्देश सं. आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/107/2018, वर्सन 2.1 के अनुसार वीएचएफ सेट के लिए अनुकूल एक अदद अतिरिक्त बैटरी। बैटरी का प्रकार लाई-आयन होना चाहिए, बैटरी, आईपी67 इत्यादि, रु. 9,63,020/-। **निविदा खुलने की तारीखः 03.11.2025, समयः 13.30 बजेः** (9) 06251274, 500 टिकटों युक्त यूटीएस थर्मल पेपर टिकट रोल की खरीददारी, रु. 6,76,190/-। **निविदा खुलने की तारीखः 10.11.2025, समयः 13.30 बजेः** (10) 11251837, होज कनेक्शन 20 मिमी बोर x 550 मिमी, रु. 1,04,870/-। **निविदा खुलने की तारीखः 05.11.2025, समयः 13.30 बजेः** (11) 11251078, एक्सल बॉक्स गाइड अरेंजमेंट की एनएफटीसी/यूएचएमडब्ल्यूपीई पैकिंग रिंग के लिए किट की खरीददारी, रु. 2,02,320/-। **निविदा खुलने की तारीखः 03.11.2025, समयः 13.30 बजेः** (12) 11251074ए, बीएमबीसी कोचों इत्यादि के लिए ब्रेक गीयर बुशों के लिए किट की खरीददारी, रु. 3,84,080/-। **निविदा खुलने की तारीखः 04.11.2025, समयः 13.30 बजेः** (13) 11251123, रबड़/मेटल शिम, रु. 3,57,980/-। **निविदा खुलने की तारीखः 11.11.2025, समयः 13.30 बजेः** (14) 21252085, लॉक लिफ्ट लीवर असेम्बली इत्यादि, रु. 2,37,670/-। **निविदा खुलने की तारीखः 17.11.2025, समयः 13.30 बजेः** (15) 21251072, बीओएक्सएनएचएल इत्यादि के लिए बोगी सेंटर पाइवोट टॉप, रु. 2,16,500/-। **निविदा खुलने की तारीखः 22.10.2025, समयः 13.30 बजेः** (16) 12254007, आरडीएसओ आरेख सं. टी-3706 के अनुसार एचवीएन इंसुलेटिंग लाइनर 66 के लिए चालू अनुबंध। रु. 20,00,000/-। **निविदा खुलने की तारीखः 15.10.2025, समयः 13.30 बजेः** (17) 22255229बी, इंजेक्शन परब्रोलाइजुमैब 100 एमजी, आयटम कोड एम261946, एआई 25-26, रु. 0/-. **निविदा खुलने की तारीखः 03.11.2025, समयः 13.30 बजेः** (15) 22251625, टैब/कैब रक्सोलिथिनिब 20 एमजी (आयटम कोड एम251024) एआई 25-26, रु. 0/-। **निविदा लागत :** सभी के लिए रु. 0। (बी) **निविदा सं. :** 52256012, **संक्षिप्त विवरणः** आरसीएफ आरेख सं. एमजे005531 के अनुसार एलएचबी कोचों के लिए आईआर डीआरडीओ बॉयो-डॉयजेस्टर सिस्टम। **निविदा बंद होने की तारीखः** 30.10.2025 को 13.30 बजे। **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 67,54,320/-। **टिप्पणीः** उपरोक्त उल्लेखित सभी निविदाएँ ई-निविदा हैं तथा सभी निविदादाताओं से अपनी बोलियां आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिए ऑन-लाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। उपरोक्त उल्लेखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में और अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। (Stores-41/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## उप्र में हर जिले में बनेगी एक आदर्श गोशाला

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की सभी गोशालाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रत्येक जिले में एक आदर्श गोशाला स्थापित की जाएगी, जिसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत 'काऊ टूरिज्म' की संभावनाओं का भी पता लगाया जाएगा, ताकि गोशालाएं न केवल आत्मनिर्भर बन सकें, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार और आय का स्रोत भी मिल सके। एक सरकारी बयान के अनुसार, सरकार की मंशा है कि गाय से प्राप्त पदार्थों–जैसे गोबर, गोमूत्र, दूध, घी और मूत्रजनित उत्पादों के व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा दिया जाए, ताकि राज्य की गोशालाएं आत्मनिर्भर हो सकें। इस दिशा में महिला स्वयं सहायता समूहों को भी जोड़ा जाएगा, ताकि स्थानीय स्तर पर गोबर से बने उत्पादों का उत्पादन और विपणन किया जा सके। सरकार ने यह भी निर्देश दिए हैं कि दीपावली के पर्व पर गाय के गोबर से बने दीपों, मूर्तियों और अन्य उत्पादों का उपयोग बढ़ाया जाए। इन उत्पादों के प्रचार–प्रसार के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने की योजना बनाई गई है।

## गाजियाबाद में व्यक्ति ने बेटी के सामने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या की

**गाजियाबाद (उप्र):** गाजियाबाद जिले के नंद ग्राम थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने घरेलू विवाद के बाद अपनी बेटी के सामने ही अपनी पत्नी की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार नंद ग्राम थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन स्थित अजनारा सोसाइटी में विकास सहरावत नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी रूबी (45) को आज सुबह गोली मार दी। घटना के समय उसकी 11 साल की बेटी नव्या घर पर मौजूद थी, जबकि बड़ी बेटी काव्या स्कूल गई हुई थी। नंद ग्राम की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) उपासना पांडे ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस नंद ग्राम थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन स्थित अजनारा सोसाइटी पहुंची। फोरेंसिक टीम ने कमरे में बिखरे पड़े सामान से उंगलियों के निशान लिए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## उप्र सरकार के 14.82 लाख राज्य कर्मचारियों को दीपावली से पहले मिलेगा बोनस

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के अवसर पर राज्य सरकार के कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए बोनस देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है। प्रदेश की प्रगति में सरकारी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, और सरकार हर स्तर पर उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। एक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए बोनस की मंजूरी दी गई है। यह बोनस मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7,000 रूपये के आधार पर 30 दिनों की परिलब्धियों का आकलन करते हुए दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र कर्मचारी को 6,908 रूपये का लाभ मिलेगा।

## भरण–पोषण मामले में पवन सिंह की पत्नी ज्योति के अनुपस्थित होने से सुनवाई टली

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले की एक अदालत ने भोजपुरी गायक पवन सिंह से भरण–पोषण के लिए दाखिल वाद पर सुनवाई मंगलवार को टाल दी क्योंकि उनकी पत्नी ज्योति सिंह उपस्थित नहीं हुईं। एक अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 28 नवंबर की तारीख तय की है। ज्योति सिंह के अधिवक्ता अखिलेश सिंह ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि आज परिवार न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश सरला दत्ता की अदालत में अंतरिम भरण पोषण पर सुनवाई होनी थी। ज्योति सिंह अस्वस्थ होने के कारण न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सकीं। सिंह ने कहा कि हमारी तरफ से अदालत में गैर हाजिरी का प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया और इसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 28 नवंबर की तारीख तय की। भोजपुरी गायक पवन सिंह बलिया शहर के मिड्ढी निवासी रामबाबू सिंह की पुत्री ज्योति सिंह के साथ छह मार्च 2018 को परिणय सूत्र में बंधे थे। बाद में दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

# नीतीश कुमार ने जदयू उम्मीदवारों को दिया टिकट, भाजपा से मतभेद की अटकलों के बीच सियासी हलचल तेज



**पटना:** बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सीट बंटवारे को लेकर असंतोष की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के उम्मीदवारों को विधानसभा चुनाव के टिकट सौंपे। इस बार पार्टी ने संवाददाता सम्मेलन में नामों की घोषणा की परंपरा को दरकिनार करते हुए सीधे मुख्यमंत्री आवास से टिकट वितरण किया। इस बीच, जदयू सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)ने अपने 71 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करते हुए कई चौंकाने वाले फैसले किये हैं। उसने मौजूदा विधानसभा अध्यक्ष और सात बार के विधायक नंदकिशोर यादव का टिकट काट दिया गया, जबकि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को करीब एक दशक बाद प्रत्यक्ष चुनाव में उतारा है। स्वास्थ्य एवं कानून मंत्री मंगल पांडे, जो अभी विधान परिषद के सदस्य हैं, को भी पार्टी ने विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया है। भाजपा को पहली बार सीट समझौते में जदयू के बराबर सीटें हैं। वहीं, यह स्पष्ट नहीं हुआ कि मंगलवार को नीतीश कुमार ने कुल कितने जदयू उम्मीदवारों को टिकट दिए। मुख्यमंत्री आवास पर पूरे दिन हलचल रही, जहां टिकट की उम्मीद में बुलाए गए प्रत्याशी आते–जाते रहे। टिकट पाने वालों में मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, प्रदेश जदयू अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा (महनार) और बाहुबली नेता अनंत सिंह (मोकामा) जैसे नाम शामिल हैं। इनमें से कई ने नामांकन भी दाखिल कर दिया। दिनभर के घटनाक्रम में एक नाटकीय मोड़ तब आया, जब गोपालपुर के विधायक गोपाल मंडल बिना अनुमति लिए मुख्यमंत्री आवास पहुंच गए। बताया जाता है कि उनकी हरकतों से नाराज़ नीतीश कुमार ने उन्हें मिलने से मना किया था। सुरक्षाकर्मियों ने मंडल को जब अंदर जाने से रोका, तो उन्होंने धरना शुरू कर दिया। कई घंटे बाद पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया। मंडल का क्षेत्र भागलपुर जिले में आता है, जहां उनका स्थानीय जदयू सांसद अजय मंडल से पुराना विवाद चल रहा है। इसी दौरान अजय मंडल ने भी यह आरोप लगाते हुए इस्तीफे की पेशकश की कि उनके क्षेत्र में टिकट उनकी सलाह के बिना बांटे जा रहे हैं। वहीं, दिल्ली में रविवार को हुई सीट–बंटवारे की बातचीत में अपेक्षाकृत कम सीटें मिलने से नीतीश कुमार के नाराज होने की चर्चा पूरे दिन चलती रही। पार्टी और गठबंधन के नेताओं को मीडिया और विपक्ष के बीच यह संदेश देने में मशक्कत करनी पड़ी कि ''सब कुछ ठीक है।' जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा, ''विपक्ष को हार साफ दिख रही है, इसलिए वह राजग में दरार की अफवाह फैला रहा है। असल में टूट की कगार पर तो 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) गठबंधन है। कुछ खबरों में यह भी दावा किया गया कि दिल्ली में बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने झा को फटकार लगाई थी। इस बीच, केंद्रीय मंत्री और कभी नीतीश कुमार के कट्टर आलोचक रहे चिराग पासवान ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि 'राजग एकजुट है और नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहा है।' केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी सीट बंटवारे में छह सीटें मिलने से असंतुष्ट थे। उन्होंने भी सोशल मीडिया पर स्पष्ट किया कि 'सीटों की संख्या पर असहमति गठबंधन तोड़ने का कारण नहीं बन सकती।'' पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) को 29 सीटें दी गई हैं, जबकि उपेंद्र कुशवाहा की दो साल पुरानी राष्ट्रीय लोक मोर्चा को मांझी की 'हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) जितनी यानी छह सीटें मिली हैं। मांझी ने अपने चार वर्तमान विधायकों सहित सभी छह उम्मीदवारों की सूची पहले ही जारी कर दी है।

## धोखाधड़ी मामला : आजमगढ़ जिला जेल अधीक्षक निलंबित

**लखनऊ/आजमगढ़ (उप्र):** आजमगढ़ में जेल अधिकारी के जाली हस्ताक्षर करके सरकारी कोष को नुकसान पहुंचाने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद आजमगढ़ जिला जेल के अधीक्षक आदित्य कुमार को लापरवाही बरतने के इल्जाम में निलंबित कर दिया गया है। कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग ने सोमवार रात एक बयान में कहा कि आजमगढ़ जिला जेल के अधीक्षक आदित्य कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वित्तीय अनियमितताओं और अपने आधिकारिक कर्तव्यों का उचित निर्वहन न करने के कारण उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। अपर कारागार महानिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने एक बयान में कहा कि जनवरी 2024 से 10 अक्टूबर 2025 के बीच विभिन्न चेकों के माध्यम से आजमगढ़ जिला जेल के बैंक खाते से अवैध रूप से धनराशि निकाली गई। बयान में कहा गया है कि इस गंभीर अनियमितता को देखते हुए जेल अधीक्षक आदित्य कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उन्हें विभाग के लखनऊ मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

## न्यूज अपडेट

### लोक गायिका मैथिली ठाकुर भाजपा में शामिल



**पटना:** प्रसिद्ध लोक गायिका मैथिली ठाकुर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। पटना में भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक भरत बिंद भी भाजपा में शामिल हुए। जायसवाल ने कहा कि आने वाले दिनों में विपक्षी महागठबंधन के कई अन्य नेता भी भाजपा में शामिल होंगे। मिथिला क्षेत्र की लोकप्रिय गायिका मैथिली ठाकुर के सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में प्रशंसक हैं। क्षेत्र में उनकी प्रसिद्धि को देखते हुए पार्टी उन्हें प्रचार अभियान का चेहरा भी बना सकती है। हाल में ठाकुर की तस्वीर भाजपा के चुनाव प्रभारी विनोद तावड़े और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय के साथ सामने आई थी, जिसके बाद से ही उनके भाजपा में शामिल होने की चर्चाएं तेज हो गई थीं।

### तस्करी कर गोवा ले जाए जा रहे 13 बच्चों को झारखंड में एक ट्रेन से बचाया गया

**रांची:** झारखंड में एक ट्रेन से एक लड़की सहित 13 बच्चों को बचाया गया, जिन्हें कथित तौर पर तस्करी कर गोवा ले जाया जा रहा था। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सोमवार शाम को खुफिया जानकारी मिली थी कि 'वास्को डि गामा (वीएसजी) वीकली एक्सप्रेस ट्रेन' के जरिए कुछ बच्चों की तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान मुरी स्टेशन पर ट्रेन में चढ़े। आरपीएफ के एक अधिकारी ने बताया, 'ट्रेन के रांची स्टेशन पर पहुंचने तक सुरक्षाकर्मियों ने बच्चों पर नजर रखी, जहां से उन्हें बचा लिया गया। बच्चों की उम्र 12 से 17 साल के बीच थी और उनमें से ज्यादातर जसीडीह जंक्शन से ट्रेन में चढ़े थे।' उन्होंने कहा, 'जब हमने उनसे पूछा कि वे कहां जा रहे हैं और उनके साथ कौन है, तो उन्होंने ठीक से जवाब नहीं दिया। उन्हें पता नहीं था कि वे गोवा क्यों जा रहे हैं। उन्होंने बस इतना कहा कि उन्हें गोवा पहुंचना है, जहां उन्हें कुछ काम मिल जाएगा।' उन्होंने बताया कि इसके बाद बच्चों को 'चाइल्ड लाइन' के अधिकारियों को सौंपा गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जीआरपी रांची में मामला दर्ज कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को एक अन्य अभियान में रांची स्टेशन पर तीन आदिवासी लड़कों को बचाया गया। उन्हें तस्करी करके अगरतला ले जाया जा रहा था।

### उत्तर प्रदेश: महिला ने जन्म देने के तुरंत बाद बच्ची की हत्या की, शव नहर में फेंकते हुए पकड़ी गई

**सुलताननपुर (उत्तर प्रदेश):** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर में एक महिला को नवजात बेटी की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामला उस समय सामने आया जब महिला ने शव नहर में फेंकने की कोशिश की। अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती जांच में पता चलता है कि दो बार तलाकशुदा महिला शहनाज ने कथित अवैध संबंधों के बाद सोमवार रात बच्ची को जन्म दिया और मामले को छिपाने के लिए शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि जमोली गांव की निवासी आरोपी ने मंगलवार सुबह कथित तौर पर बच्ची की हत्या कर दी और शव को एक थैले में रखकर बाबूगंज नहर पहुंची, जहां कुछ स्थानीय निवासियों को संदेह हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि जब वह थैला पानी में फेंकने की कोशिश करने लगी तो लोगों ने उसे रोक लिया और द्वारकागंज पुलिस चौकी को सूचित किया। एक अधिकारी ने बताया, पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची और महिला से थैला बरामद किया। थैला खोलने पर उन्हें नवजात बच्ची मिली, जिसके बाद वे उसे सुल्तानपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आजम खान ने खुद को मिली सुरक्षा लेने से किया इनकार



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान ने खर्च उठा पाने में असमर्थता जाहिर करते हुए सरकार द्वारा उन्हें प्रदान की गई सुरक्षा लेने से इनकार कर दिया है। पिछले महीने 23 सितंबर को 23 महीने जेल में रहने के बाद जमानत पर रिहा हुए खान को गिरफ्तारी से पहले मिली 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा फिर से बहाल कर दी गई है। 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा में निजी सुरक्षा अधिकारी सहित लगभग आठ पुलिसकर्मी शामिल होते हैं। यह मध्यम खतरे की आशंका वाले व्यक्ति को प्रदान की जाती है। खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम ने मंगलवार को 'पीटीआई–भाषा' को बताया, हम सुरक्षा के लिए मना नहीं कर रहे हैं। मेरे पिता ने बस इतना कहा है कि वह उन्हें दी गई सुरक्षा का खर्च वहन नहीं कर पाएंगे। अब्दुल्ला ने कहा, पहले उन्हें सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए वाहन में एस्कॉर्ट और सुरक्षाकर्मी मिलते थे। अब चूंकि वह सुविधा उपलब्ध नहीं है। अब जो सुरक्षा मिली है उसमें तैनात कर्मियों के आने–जाने और अन्य खर्च हमें खुद उठाने होंगे। हमारे परिवार की आर्थिक स्थिति इसकी इजाजत नहीं देती है। रामपुर से रिकॉर्ड 10 बार विधायक और एक बार सांसद रहे 77 वर्षीय खान वर्तमान में मुकदमों और खराब स्वास्थ्य से जूझ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय पुलिस या सरकार ने उन्हें उनकी सुरक्षा बहाल करने के बारे में आधिकारिक तौर पर सूचित नहीं किया है।

## शहरी पुनर्विकास नीति में आधुनिकता, परंपरा और मानवता तीनों का संतुलित समन्वय होगा : मुख्यमंत्री योगी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि शहरों के तेजी से बदलते विकास स्वरूप के मद्देनजर एक व्यापक 'शहरी पुनर्विकास नीति' की आवश्यकता है और इस नीति में आधुनिकता, परंपरा और मानवता तीनों का संतुलित समन्वय होगा। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, यह नीति केवल भवनों के पुनर्निर्माण तक सीमित न रहकर शहरों के समग्र पुनरुद्धार का मार्ग प्रशस्त करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे नगर केवल इमारतों का समूह नहीं बल्कि जीवंत सामाजिक संरचनाएं हैं और इनके पुनरुद्धार के लिए ऐसी नीति आवश्यक है, जो आधुनिकता, परंपरा और मानवता तीनों का संतुलित समन्वय करे। बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री ने मंगलवार को आवास विभाग की बैठक में कहा कि नई नीति का उद्देश्य पुराने, जर्जर और अनुपयोगी क्षेत्रों को आधुनिक शहरी बुनियादी ढांचे, पर्याप्त सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय संतुलन के साथ विकसित करना है। उन्होंने कहा कि नीति में ऐसे प्रावधान किए जाएं, जिनसे निवास योग्य, सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित नगरों का निर्माण सुनिश्चित हो। योगी ने निर्देश दिए कि नीति में भूमि पुनर्गठन, निजी निवेश को प्रोत्साहन, पारदर्शी पुनर्वास व्यवस्था और प्रभावित परिवारों की आजीविका की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति में राज्य स्तरीय पुनर्विकास प्राधिकरण, परियोजनाओं की 'सिंगल विंडो अप्रूवल' प्रणाली और पीपीपी मॉडल को प्राथमिकता दी जाए।

## झारखंड में सितंबर के अंत तक 266 माओवादी गिरफ्तार, 32 की मौत, 30 ने किया आत्मसमर्पण: पुलिस

**रांची:** झारखंड पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि सितंबर के अंत तक राज्य में 266 माओवादी गिरफ्तार किए गए हैं, 32 मारे गए हैं और 30 ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में भाकपा (माओवादी) और उसके अलग हुए समूहों से जुड़े दो क्षेत्रीय समिति सदस्य, एक जोनल कमांडर, दो सब–जोनल कमांडर और नौ एरिया कमांडर शामिल हैं। महानिरीक्षक (अभियान) और झारखंड पुलिस के प्रवक्ता माइकल राज एस. ने संवाददाताओं से कहा, एक जनवरी से सुरक्षा बलों से हुईं मुठभेड़ में कुल 32 नक्सली मारे गए। विवेक उर्फ प्रयाग मांझी और अनुज उर्फ सहदेव सोरेन मुठभेड़ों में मारे गए प्रमुख नक्सली थे। दोनों भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति के सदस्य थे और उन पर एक–एक करोड़ रुपये का इनाम था। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान कुल 30 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में भाकपा (माओवादी) के जोनल कमांडर रवींद्र यादव और सब–जोनल कमांडर आनंद सिंह तथा झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) का सब–जोनल कमांडर लवलेश गंझू उर्फ लोकेश गंझू भी शामिल था। उन्होंने कहा कि पुलिस ने एक जनवरी से 30 सितंबर की अवधि के दौरान बड़ी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद भी जब्त किया।

## बिहार चुनाव: भाजपा ने 71 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, विस अध्यक्ष का टिकट काटा



**पटना/नयी दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपने 71 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिसमें 13 मंत्रियों और नौ महिलाओं के नाम शामिल हैं जबकि विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का टिकट काट दिया गया है। भाजपा नवंबर में होने वाला विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के तहत लड़ रही है। वह 243 विधानसभा सीट में से 101 पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। शेष सीटें गठबंधन सहयोगियों के हिस्से में गई हैं जिनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (यू) भी शामिल है। भाजपा की पहली सूची में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को तारापुर और पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा को लखीसराय से प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का टिकट काट दिया गया है। यादव सात बार पटना साहिब से विधायक रह चुके हैं। पार्टी ने उनकी जगह उच्च न्यायालय के वकील और भाजपा नेता रत्नेश कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह, कुम्हरार सीट से पांच बार के विधायक अरुण कुमार सिन्हा का टिकट भी काटा गया है। उनकी जगह प्रदेश भाजपा के पूर्व महासचिव संजय गुप्ता को प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा की पहली सूची में 13 मंत्रियों और नौ महिला उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। पार्टी ने 48 मौजूदा विधायकों को दोबारा मौका दिया है। शेष 30 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा बाद में की जाएगी।

## 'महागठबंधन' बुधवार सुबह तक सीट बंटवारे का एलान कर सकता है : कांग्रेस नेता अभय दुबे

**पटना:** बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी महागठबंधन के घटक दल सीट के बंटवारे को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं और इसका एलान बुधवार सुबह तक किया जा सकता है। यह जानकारी कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने मंगलवार को दी। पत्रकारों से बातचीत में दुबे ने कहा, 'महागठबंधन के सभी दल प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र पर सावधानीपूर्वक चर्चा कर रहे हैं। सीट बंटवारे की घोषणा बुधवार सुबह तक होने की संभावना है।' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा अपने उम्मीदवारों की आंशिक सूची जारी किए जाने पर दुबे ने दावा किया कि इससे 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के भीतर घमासान'' का संकेत मिलता है। उन्होंने कहा, ''नीतीश कुमार न तो पत्रकारों से मिल रहे हैं और न ही अपनी पार्टी के नेताओं से। उनके एक सांसद अजय कुमार मंडल ने इस्तीफा दे दिया, क्योंकि उन्हें मुख्यमंत्री से मिलने नहीं दिया गया। एक अन्य विधायक गोपाल मंडल मुख्यमंत्री के आवास के बाहर बैठे रहे। आखिर बिहार के मुख्यमंत्री कहां हैं? वह सार्वजनिक रूप से संवाद क्यों नहीं कर रहे?' दुबे ने आरोप लगाया कि राजग ने अपने अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) और अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के नेताओं को हाशिए पर डाल दिया है।

## उप्र सरकार 1.86 करोड़ महिलाओं को मुफ्त एलपीजी सिलेंडर भराने की सुविधा देगी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह बुधवार को लोक भवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को दो एलपीजी सिलेंडर मुफ्त भरने (रिफिल) की सुविधा देगी, जिससे त्योहारी सीजन से पहले राज्य भर में 1.86 करोड़ महिलाओं को राहत मिलेगी। बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित परिवारों को राहत देने के लिए दो एलपीजी सिलेंडर में निशुल्क रिफिल की सुविधा देने का फैसला किया है। आदित्यनाथ बुधवार को लोकभवन सभागार में इस योजना की शुरुआत करेंगे और पात्र महिलाओं को यह सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

## दीपावली और छठ के दौरान अतिरिक्त बसें चलाएगी उप्र सरकार

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने दीपावली, भाई दूज और छठ के आगामी त्यौहारों के दौरान भीड़ से निपटने के लिए अतिरिक्त बसें चलाने की घोषणा की है। राज्य सरकार द्वारा मंगलवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक, सरकार ने 18 से 30 अक्टूबर तक एक 'प्रोत्साहन अवधि' घोषित की है, जिस दौरान अधिकारियों को बस संचालन और यात्री सुविधा को अधिकतम करने के निर्देश दिये गये हैं। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि त्यौहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली से पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रमुख मार्गों जैसे कि लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या और कानपुर के रास्तों पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़ और इटावा को जोड़ने वाले मार्गों पर भी बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। सिंह ने कहा कि छठ के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश के लाखों लोगों के लिए बिना किसी परेशानी के घर वापसी सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## संभल में श्रीकल्कि धाम के पास 'अवैध' मस्जिद पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**संभल (उप्र):** संभल तहसील क्षेत्र में निर्माणाधीन श्री कल्कि धाम से कुछ ही दूरी पर मंगलवार को सैदनगली–मनौटा रोड पर स्थित एक मस्जिद को प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर जमींदोज कर दिया। नायब तहसीलदार दीपक जुरेल ने बताया कि लेखपाल की रिपोर्ट में यह सामने आया कि ऐंचौड़ा कम्बोह गांव में मस्जिद का निर्माण सार्वजनिक पार्क की भूमि पर अवैध रूप से किया गया था और इस वजह से प्रशासन ने मस्जिद पर बुलडोजर की कार्यवाही की। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक पार्क के नाम दर्ज करीब एक हेक्टेयर भूमि में से लगभग 262 वर्गमीटर हिस्से पर अवैध रूप से मस्जिद का निर्माण किया गया था। यह मस्जिद 'छोटी मस्जिद' के नाम से जानी जाती थी। जुरेल ने बताया, पिछली 11 जून को लेखपाल ने रिपोर्ट दी थी, जिसके बाद 24 सितंबर को तहसीलदार की अदालत ने बेदखली के आदेश दिए थे। इस पर अमल करते हुए आज अवैध निर्माण को पूरी तरह हटा दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से इलाके में पुलिस बल तैनात किया गया है।

# उप्र पुलिस ने आठ साल में 15 हजार से ज्यादा मठभेड़ों में 256 अपराधियों को ढेर किया



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश पुलिस ने पिछले आठ साल में साढ़े 15 हजार से ज्यादा मुठभेड़ों में 256 'दुर्दांत' अपराधियों को ढेर किया है तथा करीब 32 हजार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सरकार ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। सरकार ने यह भी बताया कि इन मुठभेड़ों में 18 पुलिस कर्मियों की भी जान गई है तथा 1754 पुलिस कर्मी जख्मी हुए हैं। बयान के मुताबिक, इस अवधि में सबसे ज्यादा मुठभेड़ें मेरठ जोन में हुई हैं। सरकार ने बताया कि इतना ही नहीं, 'मिशन शक्ति 5.0' के तहत पिछले 20 दिनों में पुलिस की अपराधियों के साथ एक दर्जन से अधिक मुठभेड़ें हुईं। उप्र पुलिस ने बीते सोमवार को मेरठ में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में 25 हजार के इनामी बदमाश शहजाद उर्फ निक्की को ढेर किया जबकि कुछ दिन पहले बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर गोली चलाने वाले बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। बयान में कहा गया है, योगी आदित्यनाथ सरकार के सत्ता में आने के बाद से, पुलिस ने अपराध के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई है। प्रदेश में पिछले साढ़े आठ वर्षों में अपराध और अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ों में 256 दुर्दांत अपराधियों को मार गिराया है। इसके मुताबिक, इस दौरान पुलिस के साथ कुल 15,726 मुठभेड़ें हुईं जिनमें 31,960 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और 10,324 अपराधी घायल हुए। बयान में कहा गया है कि अपराधियों से मुकाबला करते हुए 18 पुलिसकर्मियों की जान गई है जबकि 1,754 पुलिसकर्मी घायल हुए। इसमें कहा गया है कि प्रदेश में सबसे अधिक 4,453 मुठभेड़ मेरठ ज़ोन में हुईं जिनमें 85 कुख्यात अपराधियों की मौत हुई तथा 8,312 अपराधी पकड़े जबकि 3,131 अपराधी घायल हुए। बयान के मुताबिक, इस दौरान दो पुलिसकर्मियों की जान चली गई और 461 पुलिसकर्मी घायल हुए। इसमें कहा गया है कि इसी तरह वाराणसी ज़ोन में 1,108 मुठभेड़ हुईं, जिनमें 2,128 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया जबकि 27 अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर किया गया। इस दौरान 688 अपराधी और 99 पुलिसकर्मी घायल हुए। बयान के मुताबिक, आगरा जोन में 2,374 मुठभेड़ें हुईं, जिनमें 5,631 अपराधियों को पकड़ा गया, 22 अपराधियों की मौत हुई तथा 816 आरोपी घायल हुए। इन मुठभेड़ के दौरान 59 पुलिसकर्मी भी घायल हुए। इसमें कहा गया है कि लखनऊ ज़ोन में 846 मुठभेड़ के दौरान 17 दुर्दांत अपराधियों को मारा गया। वहीं प्रयागराज ज़ोन में 572 मुठभेड़ के दौरान 10 अपराधी मारे गए। बरेली ज़ोन में 2,059 मुठभेड़ में 17, कानपुर जोन में 717 मुठभेड़ में 12 और गोरखपुर जोन में 642 मुठभेड़ में आठ अपराधियों को मारा गया। बयान के मुताबिक, लखनऊ कमिश्नरी में 138 मुठभेड़ में 12, गौतमबुद्धनगर में 1,117 मुठभेड़ में नौ, वाराणसी कमिश्नरी में 131 मुठभेड़ में सात, कानपुर कमिश्नरी में 234 मुठभेड़ में चार, आगरा कमिश्नरी में 458 मुठभेड़ में सात, गाजियाबाद कमिश्नरी में 736 मुठभेड़ में 13 और प्रयागराज कमिश्नरी में 141 मुठभेड़ में छह अपराधियों को ढेर किया गया।

## प्रशांत किशोर नहीं लड़ेंगे तेजस्वी यादव के खिलाफ, जन सुराज पार्टी ने राघोपुर से घोषित किया उम्मीदवार

**पटना:** जन सुराज पार्टी (जसुपा) ने मंगलवार को राघोपुर विधानसभा सीट से अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी। इसी के साथ पार्टी संस्थापक प्रशांत किशोर के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने की अटकलों पर विराम लग गया है। जन सुराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने वैशाली जिले की राघोपुर सीट से चंचल सिंह को पार्टी का चुनाव चिह्न सौंपा। इस मौके की एक तस्वीर पार्टी की ओर से सोशल मीडिया पर साझा की गई। पार्टी ने क्रमश: 51 और 65 उम्मीदवारों की दो सूची संवाददाता सम्मेलन में जारी की थी। इसके उलट राघोपुर सीट पर उम्मीदवार की घोषणा सोशल मीडिया के माध्यम से की गई। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव इस बार राघोपुर से लगातार तीसरी बार जीत का लक्ष्य लेकर चुनाव मैदान में उतर रहे हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### ईडी ने 70 करोड़ रुपये के बैंक ऋण 'धोखाधड़ी' मामले में कई राज्यों में छापे मारे

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय ने 70 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में मंगलवार को कई राज्यों में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दिल्ली, हैदराबाद, जयपुर और मुंबई में करीब चार परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। ईडी की यह कार्रवाई यशदीप शर्मा और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी का संज्ञान लेने के बाद हुई है। सूत्रों ने बताया कि पंजाब एंड सिंध बैंक ने आरोप लगाया है कि शर्मा और उनके परिवार ने अपने स्वामित्व और नियंत्रण वाली संस्थाओं के माध्यम से बैंक द्वारा दिए गए 70 करोड़ रुपये के ऋण की ''हेराफेरी'' की।

### वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए समय बढ़ाने की मांग वाली याचिकाओं पर 28 अक्टूबर को सुनवाई

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी की उस याचिका पर सुनवाई 28 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध की है जिसमें 'वक्फ बाय यूजर' सहित सभी वक्फ संपत्तियों के 'उम्मीद' पोर्टल में अनिवार्य पंजीकरण के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ से वकील निजाम पाशा ने आग्रह किया कि याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने की आवश्यकता है क्योंकि छह महीने की अनिवार्य समय अवधि समाप्त होने वाली है। मंगलवार को एक और ऐसी ही याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया गया। पीठ ने कहा कि वह नई याचिका को भी सूचीबद्ध करने पर विचार करेगी।

### फैसले से नाराज व्यक्ति ने अहमदाबाद में न्यायाधीश की तरफ जूता उछाला

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद सत्र अदालत में मंगलवार को फैसले से नाराज एक व्यक्ति ने न्यायाधीश की तरफ जूता उछाला। यह घटना उस समय हुई, जब अदालत कक्ष में सुनवाई हो रही थी। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह स्पष्ट नहीं है कि जूता अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश तक पहुंचा या नहीं। शहर के करंज थाने के निरीक्षक पी एच भाटी ने बताया कि न्यायाधीश के निर्देश पर उस व्यक्ति को छोड़ दिया गया और उसके खिलाफ कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया गया। व्यक्ति एक मामले में अपीलकर्ता था। भाटी ने कहा, अपील खारिज होने के बाद व्यक्ति गुस्से में आ गया और उसने न्यायाधीश की तरफ जूता फेंका। हालांकि, उसे अदालत के कर्मियों ने पकड़ लिया, लेकिन न्यायाधीश ने उसे जाने दिया और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि उसके खिलाफ कोई कार्रवाई न की जाए।

### भारतीय वायुसेना नौ नवंबर को गुवाहाटी में 'एयर शो' आयोजित करेगी

**गुवाहाटी :** भारतीय वायु सेना नौ नवंबर को गुवाहाटी में एक 'एयर शो' का आयोजन करेगी, जिसमें लड़ाकू और परिवहन विमानों की 'रेंज' प्रदर्शित की जाएगी। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने एक बयान में कहा कि यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना की सटीकता, व्यावसायिकता और कौशल का प्रदर्शन करेगा तथा नागरिकों को देश की हवाई ताकत को देखने का दुर्लभ अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमान, परिवहन विमान और हेलीकॉप्टर समन्वित रूप में उड़ान भरते हुए गति, कौशल और समन्वय के दृश्यात्मक सामंजस्य का प्रदर्शन करेंगे।

### भाजपा की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बिहार चुनाव में करेंगी प्रचार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार करेंगी और उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के नामांकन पत्र दाखिल करते समय मौजूद रहेंगी। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवादियों के लिए कोई जगह सुरक्षित नहीं : अमित शाह



**मानेसर (हरियाणा) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में आतंकवादी समूहों के मुख्यालयों, प्रशिक्षण केंद्रों और 'लॉन्च पैड्स' को तबाह कर दिया गया तथा अब आतंकवादियों के लिए कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं है। आतंकवाद-रोधी 'ब्लैक कैट' कमांडो बल राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) के 41वें स्थापना दिवस पर यहां उसके मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि भारतीय सुरक्षा बल ने सिद्ध किया है कि वे आतंकियों को पाताल से भी ढूंढकर दंड देंगे। उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में आतंकवादी मुख्यालयों, उनके प्रशिक्षण केंद्रों और लॉन्च पैड्स को नष्ट किया है...ऑपरेशन महादेव में हमारे सुरक्षा बलों ने पहलगाम में आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों का सफाया करने के लिए सटीक कार्रवाई की। इससे नागरिकों का सुरक्षा बलों पर विश्वास और भी मजबूत हुआ है।'' भारतीय रक्षा बलों ने 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत मई में पाकिस्तान एवं इसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी बुनियादी ढांचे और रक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था। पहलगाम हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने आतंकवाद को 'बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति' अपनाई है। शाह ने कहा कि अगर कोई अनुच्छेद 370 (जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले) के अधिकतर प्रावधानों को खत्म करने से लेकर सर्जिकल स्ट्राइक, हवाई हमले और ऑपरेशन सिंदूर तक आतंकवादियों के खिलाफ सरकार के अभियान का ध्यानपूर्वक विश्लेषण करे तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों और आतंकी समूहों की जड़ों पर प्रहार किया है। उन्होंने कहा, ''आतंकवादी चाहे कहीं भी छिपे हों, हमारे सुरक्षा बलों ने साबित कर दिया है कि अब आतंकवादियों के लिए कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है। हमारे सैनिक धरती की गहराइयों में जाकर हर आतंकवादी कृत्य का दंड देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।''

### सरकार अयोध्या में 'ब्लैक कैट' कमांडो बल एनएसजी का केंद्र स्थापित करेगी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सरकार उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 'ब्लैक कैट' कमांडो बल एनएसजी का एक और क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करेगी। मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और गांधीनगर के मौजूदा केंद्रों के बाद यह राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का छठा क्षेत्रीय केंद्र होगा। एनएसजी की जम्मू में 'टास्क फोर्स' नामक एक छोटी इकाई भी है। देश के विभिन्न भागों में एनएसजी केंद्र इसके कमांडो को किसी भी आपात स्थिति में तुरंत और प्रभावी ढंग से पहुंचने में मदद करते हैं। आतंकवाद रोधी कमांडो बल के 41वें स्थापना दिवस पर यहां उसके मुख्यालय में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि मोदी सरकार आने वाले दिनों में एनएसजी की कार्यप्रणाली में बड़ा बदलाव लाने वाली है। उन्होंने कहा, ''अब तक मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और अहमदाबाद (गांधीनगर) में एनएसजी के पांच केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अलावा अयोध्या में भी एक नया केंद्र स्थापित किया जा रहा है। यहां एनएसजी के जवान चौबीसों घंटे तैनात रहेंगे।''

# पूरण कुमार की मौत दलितों के लिए चिंता का विषय; प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तुरंत कार्रवाई करें: राहुल



**चंडीगढ़ :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि हरियाणा के पुलिस अधिकारी वाई पूरण कुमार की मौत एक परिवार के सम्मान का मामला नहीं है, बल्कि यह सभी दलितों के सम्मान का मामला है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मामले में तत्काल कार्रवाई करने को कहा। पिछले हफ्ते चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर मृत पाए गए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के परिवार से मिलने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि कुमार का मनोबल तोड़ने और उनके करियर को नुकसान पहुंचाने के लिए उनके साथ सुनियोजित भेदभाव किया जाता रहा। आईपीएस अधिकारी के शरीर पर गोली लगने के निशान थे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''दलितों को एक गलत संदेश दिया जा रहा है... कि आप चाहे कितने भी सफल क्यों न हो जाएं, अगर आप दलित हैं तो आपको दबाया और कुचला जा सकता है।'' उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री ने स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच का अपना वादा पूरा नहीं किया है। गांधी ने कहा कि कुमार के परिवार, खासकर उनकी दोनों बेटियों पर बहुत दबाव है।

# आईपीएस अधिकारी आत्महत्या मामला: डीजीपी कपूर छुट्टी पर भेजे गए, ओपी सिंह को मिला अतिरिक्त प्रभार



**चंडीगढ़ :** हरियाणा सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी वाई पूरण कुमार की कथित आत्महत्या को लेकर विपक्ष के बढ़ते हमलों के बीच मंगलवार को राज्य के डीजीपी शत्रुजीत कपूर को छुट्टी पर भेज दिया। रोहतक के पूर्व पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र बिजारणिया का तबादला होने के कुछ दिन बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि 1992 बैच के डीजीपी रैंक के आईपीएस अधिकारी ओ पी सिंह को शत्रुजीत कपूर की अवकाश अवधि के दौरान हरियाणा के डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कपूर और बिजारणिया उन आठ वरिष्ठ अधिकारियों में शामिल हैं, जिनका नाम कुमार द्वारा कथित तौर पर छोड़े गए एक नोट में है। इस नोट में उन पर जाति-आधारित भेदभाव, मानसिक उत्पीड़न, सार्वजनिक अपमान और अत्याचार के आरोप लगाए गए हैं।

# मंगोलिया के विकास में भारत 'दृढ़' साझेदार: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगोलिया के राष्ट्रपति हुरेलसुख उखना के साथ व्यापक वार्ता के बाद मंगलवार को कहा कि मंगोलिया के विकास में भारत एक विश्वसनीय साझेदार रहा है और दोनों देश एक स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करते हैं। उखना सोमवार को भारत की चार दिवसीय यात्रा पर नयी दिल्ली पहुंचे। राष्ट्रपति के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है। उखना के साथ बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि भारत मंगोलिया के लोगों को मुफ्त ई-वीजा उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा, भारत की 1.7 अरब अमेरिकी डॉलर की ऋण सहायता से कार्यान्वित तेल रिफाइनरी परियोजना मंगोलिया की ऊर्जा सुरक्षा को नयी मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह भारत की विश्व में सबसे बड़ी विकास साझेदारी परियोजना है और 2500 से भी अधिक भारतीय पेशेवर मंगोलिया के साथियों के साथ मिलकर इस परियोजना को साकार कर रहे हैं। मोदी ने कहा, हम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर घनिष्ठ साझेदार के रूप में खड़े हैं और एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करते हैं।

# ट्रेन से मिजोरम पहुंचने वाले लोगों के लिए आईएलपी व्यवस्था दुरुस्त करने के प्रयास जारी: अधिकारी

**आइजोल :** ट्रेन से मिजोरम में प्रवेश करने वाले बाहरी लोगों के लिए इनर लाइन परमिट (आईएलपी) जारी करने की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह जानकारी एक अधिकारी ने मंगलवार को दी। आईएलपी एक यात्रा दस्तावेज है, जो भारतीय नागरिकों को मिजोरम सहित कुछ राज्यों में प्रवेश के लिए जारी किया जाता है। मिजोरम पिछले महीने देश के रेलवे मानचित्र में शामिल हुआ था। अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्री के. सपदांगा ने मंगलवार को राज्य की राजधानी आइजोल से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित सैरांग रेलवे स्टेशन का दौरा किया और स्टेशन पर आने वाले यात्रियों के स्वागत एवं उन्हें आईएलपी जारी करने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अपने दौरे के वक्त सपदांगा ने रेलवे अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और राज्य के अधिकारियों के साथ आईएलपी जारी करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के बारे में चर्चा की। अधिकारी ने कहा कि गृह मंत्री ने रेलवे अधिकारियों को बताया कि सरकार ने 2019 में ऑनलाइन आईएलपी पोर्टल शुरू किया था और ट्रेन में यात्रा करने वाले गैर-आदिवासी लोगों को दस्तावेज के लिए ऑफलाइन आवेदन पत्र वितरित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सपदांगा ने कहा कि मौजूदा ऑनलाइन आईएलपी दिशानिर्देश को उन्नत किया जा रहा है और प्रक्रिया पूरी होने के करीब है।

# परिवार को न्याय नहीं मिला तो दलित अपने बच्चों को अधिकारी बनने के लिए प्रोत्साहित नहीं करेंगे: पासवान



**चंडीगढ़ :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मंगलवार को विश्वास जताया कि कथित तौर पर आत्महत्या करने वाले हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार के परिवार को न्याय मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई तो कोई भी दलित परिवार अपने बच्चों को आईएएस या आईपीएस अधिकारी बनने के लिए प्रोत्साहित नहीं करेगा। पासवान ने मंगलवार को कुमार के परिवार से उनके आवास पर मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वर्ष 2001 बैच के अधिकारी कुमार (52) ने सात अक्टूबर को कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पासवान ने यहां मीडिया के साथ बातचीत में कहा कि घटना दर्दनाक है और इसने उन सामाजिक बुराइयों को उजागर कर दिया है जो दर्शाती हैं कि 21वीं सदी में भी लोगों को जाति और धर्म के आधार पर प्रताड़ित किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह न केवल समाज के लिए बल्कि पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पासवान ने कहा, ''एक तरफ हम विश्व मंच पर भारत को एक शक्ति के रूप में पेश कर रहे हैं, आज हम चांद पर जा रहे हैं। हम बड़े काम कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ हमारे देश में एक अधिकारी को इस तरह प्रताड़ित किया जाता है कि अंत में उसकी जान चली जाती है।''

# वैज्ञानिकों ने अरुणाचल प्रदेश में बालसम फूल की नयी प्रजाति की खोज की



**ईटानगर :** भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (बीएसआई) की एक टीम ने अरुणाचल प्रदेश में पश्चिमी कामेंग जिला अंतर्गत शेरगांव के प्राकृतिक जंगलों में पाए जाने वाले बालसम फूल की एक नयी प्रजाति 'इम्पेशियंस राजीबियाना' की खोज की है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीएसआई ने भारत में बालसम की कई प्रजातियों की पहचान की है, जिनमें अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में खोजी गईं नयी प्रजातियां भी शामिल हैं, जैसे कि 'इम्पेशियंस गॉडफ्रेई' और 'इम्पेशियंस साशिनबोर्थकुरी'। इन भारतीय प्रजातियों की कुल संख्या लगभग 230 है और 'इम्पेतिएन्स बाल्समिना' (गार्डन बालसम या टच-मी-नॉट) जैसे प्रसिद्ध उदाहरणों का मूल भी भारत से है। मुख्यमंत्री खांडू ने 'एक्स' पर लिखा, ''भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण विभाग की डॉ. कृष्णा चौलू और उनकी समर्पित अनुसंधान टीम को 'इम्पेशियंस राजीबियाना' की उल्लेखनीय खोज के लिए हार्दिक बधाई - यह अरुणाचल प्रदेश में पश्चिमी कामेंग जिले के शेरगांव के प्राकृतिक जंगलों में पाई जाने वाली बालसम की एक नयी प्रजाति है।''

# इंडिगो के विमान को आपात स्थिति में अगरतला हवाई अड्डे पर उतारा गया

**अगरतला :** कोलकाता जाने वाले एक इंडिगो विमान को मंगलवार को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद अगरतला हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारना पड़ा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विमान के किसी पक्षी के टकराने की आशंका थी। हवाई अड्डा निदेशक के सी मीणा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और उन्हें अन्य उड़ानों से भेजा जा रहा है। मीणा ने बताया कि विमान को ज्यादा क्षति नहीं हुई है। उन्होंने कहा, इंडिगो विमान ने दोपहर करीब 12 बजकर 40 मिनट पर एमबीबीए हवाई अड्डे से कोलकाता के लिए उड़ान भरी और 20 मिनट बाद पायलट को बीच रास्ते में पक्षी से टकराने का संदेह होने के बाद विमान को आपात स्थिति में उतारना पड़ा। मीणा ने बताया कि कोलकाता से आए इंजीनियरों ने मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार विमान की जांच की है।

# भगवान को भोग लगाने से पहले केरल के मंत्री को दिया गया प्रसाद, विवाद शुरू

**पत्तनमथिट्टा (केरल) :** पार्थसारथी मंदिर के देवता को पारंपरिक भोग लगाने से पहले ही देवस्वओम मंत्री वीएन वासवन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को प्रसाद परोसे जाने के आरोप लगने के बाद विवाद छिड़ गया है। मंदिर के तंत्री (प्रधान पुजारी) परमेश्वरन वासुदेवन भट्टतिरिप्पद ने त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) को सूचित किया कि परंपरा का उल्लंघन हुआ है और उन्होंने सुधारात्मक अनुष्ठानों का आह्वान किया। बोर्ड को लिखे एक पत्र में, उन्होंने निर्देश दिया कि आयोजकों को देवता के सामने उपस्थित होना होगा और गलती का प्रायश्चित करना होगा। आयोजकों में पल्लीयोडा सेवा संघम के सदस्य, मंदिर सलाहकार समिति और देवस्वोम अधिकारी शामिल हैं। इस पत्र में यह जिक्र नहीं किया गया है कि परंपरा के उल्लंघन की प्रकृति क्या थी या इसके लिए कौन जिम्मेदार था । प्रधान पुजारी ने यह भी निर्देश दिया कि 11 पारा (एक स्थानीय माप) चावल से प्रसाद तैयार किया जाए और उसे भक्तों को परोसने से पहले मंदिर में चढ़ाया जाए। इस संबंध में पूछे जाने पर मंत्री वासवन ने कहा कि पुजारी ने ही प्रसाद का वितरण किया था और और उनका उत्तर ही पर्याप्त होगा। टीडीबी अध्यक्ष पीएस प्रशांत ने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है।

# मौलाना तौकीर रजा डिजिटल माध्यम से अदालत में पेश हुए, 28 अक्टूबर तक के लिए बढ़ाई गई हिरासत



**बरेली :** इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा 26 सितंबर को शहर में हुई हिंसा के सिलसिले में मंगलवार को बरेली की एक अदालत में डिजिटल माध्यम पेश हुए। अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि अदालत ने उनकी हिरासत 28 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी (एसपीओ) लवलेश सिंह ने बताया कि रजा फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) अलका पांडे के सामने पेश हुए। उन्होंने बताया कि रजा के अलावा 39 अन्य आरोपियों को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश किया गया। सीजेएम ने आईएमसी प्रमुख की न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए और बढ़ाते हुए निर्देश दिया कि उन्हें 28 अक्टूबर को फिर से पेश किया जाए। पुलिस ने रजा को 26 सितंबर को बरेली में हुई हिंसा का मुख्य आरोपी बताया है, जहां उनके समर्थकों ने कथित तौर पर पुलिस से झड़प की और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। अधिकारियों के अनुसार, रजा के खिलाफ 1982 से अब तक लगभग 20 आपराधिक मामले दर्ज हैं। छब्बीस सितंबर की घटना के बाद, बरेली के पांच थानों में उनके खिलाफ सात नयी प्राथमिकी दर्ज की गईं। पुलिस ने अब तक हिंसा से जुड़े 10 मामलों में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और कहा है कि जांच के बाद अब उनका नाम तीन और मामलों में भी जोड़ा गया है।

# दिल्ली से अयोध्या, कटरा और उदयपुर के लिए जल्द शुरु होगी एसी बस सेवा

**नयी दिल्ली :** अयोध्या, कटरा या उदयपुर की यात्रा अब और अधिक सुगम और सस्ती होने वाली है, क्योंकि दिल्ली सरकार इन स्थानों तक आरामदायक लंबी दूरी की यात्रा प्रदान करने के लिए 50 एसी बसें शुरू करने की योजना बना रही है। 'पीटीआई भाषा' से एक अधिकारी ने बताया कि जल्द ही शुरू होने वाली बसों को विशेष रूप से मध्यम से लंबी दूरी के मार्गों के लिए डिजाइन किया गया है। उम्मीद है कि इसका पहला चरण आगामी महीनों में शुरू होगा। इसकी शुरुआत सीमित संख्या में बसों से होगी और फिर बाद में इसे बढ़ाया जाएगा। अधिकारी ने नए वोल्वो बेड़े के लंबे मार्ग के बारे में कहा, लंबे मार्ग चार्जिंग बुनियादी ढांचे के मामले में चुनौतियां पेश करते हैं, इसलिए फिलहाल योजना ऐसी दूरी के भीतर परिचालन करने की है, जिसका प्रबंधन आसानी से किया जा सके। अधिकारी ने कहा कि परिवहन विभाग अयोध्या (लखनऊ के रास्ते 656 किमी), कटरा (684 किमी) और उदयपुर (660 किमी) जैसे प्रमुख स्थलों के लिए 50 प्रीमियम वोल्वो बसों की शुरुआत के साथ लंबी दूरी की यात्रा में बदलने के लिए कमर कस रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में और अधिक स्थानों को जोड़े जाने की संभावना है। परिवहन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यात्रियों की सुविधा और सामर्थ्य इस परियोजना के केंद्र में है। हालांकि किराये का सटीक विवरण अभी तक तय नहीं हुआ है, लेकिन अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि किराया निजी बस संचालकों द्वारा वसूले जाने वाले किराये से काफी कम होगा।

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एलओसी पर पाकिस्तान के 100 से अधिक सैनिक मारे गए: लेफ्टिनेंट जनरल घई



**नयी दिल्ली :** भारतीय सेना के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने पाकिस्तानी सेना द्वारा दिए गए मरणोपरांत पुरस्कारों की सूची का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि समझा जा रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पड़ोसी देश के 100 से अधिक सैनिक मारे गए। लेफ्टिनेंट जनरल घई ने कुछ दिन पहले वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह के इस विवरण को दोहराया कि मई में हुए संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने कम से कम 12 विमान खो दिए थे। सैन्य अधिकारी ने यह भी कहा कि भारतीय नौसेना अपनी भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार थी और अगर पाकिस्तान ने आगे संघर्ष जारी रखने का फैसला किया होता, तो यह ''न केवल समुद्र से, बल्कि अन्य माध्यमों से भी उसके लिए विनाशकारी'' हो सकता था। उन्होंने सात से 10 मई के बीच चले संघर्ष के बारे में कहा कि सात मई को भारत द्वारा नौ आतंकी ठिकानों पर बमबारी के तुरंत बाद पाकिस्तान ने सीमा पार से गोलीबारी शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा, ''पाकिस्तानियों ने संभवतः अनजाने में पिछले महीने 14 अगस्त को पुरस्कारों की सूची जारी कर दी थी और मरणोपरांत दिए गए पुरस्कारों की संख्या से हमें अब पता चलता है कि नियंत्रण रेखा पर उनके (सुरक्षाबलों के) हताहतों की संख्या भी 100 से अधिक थी।'' सैन्य अधिकारी ने कहा, ''हमने आतंकवादियों (के ठिकनों) पर हमले किये और एक बार जब यह काम पूरा हो गया, तो हमारा इरादा इसे आगे बढ़ाने का नहीं था, जब तक कि हमें ऐसा करने के लिए मजबूर न किया जाए।'' उन्होंने कहा, ''आतंकी ठिकानों पर हमला होते ही पाकिस्तान ने तुरंत सीमा पार से गोलीबारी शुरू कर दी।'' सैन्य अभियान महानिदेशक ने तो यहां तक कहा कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान के ड्रोन हमले ''बेहद नाकाम'' रहे। उन्होंने कहा कि दोनों देश के डीजीएमओ के बीच वार्ता के बाद भी पाकिस्तान ने ड्रोन भेजे। उन्होंने कहा, ''(हमारे) जवानों और सैन्य सामग्रियों को नुकसान पहुंचाने के प्रयास में विभिन्न प्रकार के ड्रोन का इस्तेमाल किया गया, लेकिन सब कुछ बुरी तरह नाकाम रहा।''

### इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने रैगिंग में संलिप्त 16 छात्रों को निलंबित किया

**प्रयागराज :** इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने सर सुंदरलाल छात्रावास के 16 छात्रों को रैगिंग में संलिप्त पाए जाने पर मंगलवार को उन्हें निलंबित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रोफेसर राकेश सिंह द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, सर सुंदरलाल छात्रावास में रैगिंक की शिकायत पर नौ अक्टूबर को रैगिंग रोधी दस्ते ने छात्रावास का औचक निरीक्षण किया और प्रथम दृष्टया रैगिंग में संलिप्त पाए गए छात्रों को चिह्नित किया। आदेश के मुताबिक, इस मामले की गहन जांच के लिए गठित जांच समिति ने 16 छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। इन छात्रों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए छात्रावास से निष्कासित करने का आदेश दिया जाता है।

# 'मेट्रो रेलवे' में 'राजभाषा सप्ताह-2025' का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे, कोलकाता में 'राजभाषा सप्ताह-2025' का समापन समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। 15 से 22 सितंबर 2025 तक आयोजित इस सप्ताह का औपचारिक समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक एस.एस. मिश्र ने की। कार्यक्रम के दौरान प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी सह मुख्य राजभाषा अधिकारी मनीष जैन ने राजभाषा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं और गतिविधियों की जानकारी साझा की तथा प्रतिभागियों की सराहना की। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री मिश्र ने टंकण, प्रश्नमंच, कहानी लेखन और सुलेख प्रतियोगिताओं में विजयी कर्मियों को पुरस्कृत किया। साथ ही, वर्षभर राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने कर्मचारियों से अपील की कि वे राजभाषा हिंदी के प्रयोग को और अधिक प्रोत्साहित करें एवं कार्यालयीन कार्यों में इसका निरंतर उपयोग सुनिश्चित करें। समारोह में विभिन्न विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी किरण बोस ने किया।ये लोग ज़मीन का छोटा सा हिस्सा खरीदते हैं और फिर एक बड़े हिस्से पर कब्ज़ा कर लेते हैं। कोई रोक-टोक नहीं है। अन्य स्थानों में भी नदियों और नालों के किनारे निर्माण कार्यों में तेज़ी आई है जहां मानकों को नज़रअंदाज़ कर आलीशान होटल और रिसॉर्ट बनाए गए। वोट बैंक की राजनीति के तहत बस्तियों को नदियों के बिल्कुल किनारे बसा दिया गया। यही निर्माण अब हर बरसात के मौसम में आपदाओं को न्योता दे रहे हैं।

